


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

दिल्ली, बुधवार, 18 मार्च 2026

दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है
1- न्यूज एडीटर
2- एकाउन्टेंट
3- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (फार एडवर्टाइजमेंट)
4- चपरासी
सम्पर्क करें- 9811157562
समय: 3:00 से 5:00 PM

वर्ष: 22 अंक: 336 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठ: 12 मूल्य: 1 रुपये

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराए



**काबुल, (वेब वार्ता)।**

पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए।

तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है।

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए।

आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतरराष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अस्पताल पर हुए हमले को लेकर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है। भारत ने इस हमले को 'कायरतापूर्ण' और 'जनसंहार' करार दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह एक बेहद अमानवीय और अनैतिक हिंसक कृत्य है, जिसमें बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिकों की जान गई। मंत्रालय ने यह भी साफ किया कि जिस जगह को किसी भी हालत में सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता, उसे निशाना बनाना पूरी तरह गलत है।









## राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कैंपों के तहत 37 हजार बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण: डॉ. बलजीत कौर



**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा साडे बुजुर्ग साडा माण अभियान के तहत लगाए गए राज्य स्तरीय स्वास्थ्य जांच कैंपों के दौरान लगभग 37 हजार बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण किया गया है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बुजुर्गों को अपना अनमोल धरोहर मानती है और उनकी सुरक्षा तथा सम्मान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। डॉ. बलजीत कौर ने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवारों और समाज की मजबूत नींव हैं, जिनके अनुभव भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार और समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है कि बुजुर्गों को सम्मान, देखभाल और अपनत्व के साथ जीवन बिताने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। ऐसी पहलों के माध्यम से हम बुजुर्गों के साथ हर चरण पर खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे बताया कि इन स्वास्थ्य कैंपों में आंखों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, एनसीडी स्क्रीनिंग, ऑर्थोपेडिक जांच, ईएनटी चेक-अप, फिजियोथेरेपी और विशेषज्ञों द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 1756 पंजीकरण किए गए, जिनमें से 539 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा 1274 कैंसर स्क्रीनिंग, 4863 ऑर्थोपेडिक चेक-अप, 6339 एनसीडी स्क्रीनिंग, 9015 आंखों की जांच, 2593 ईएनटी चेक-अप और 1621 फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि अछक्टउड के माध्यम से 418 लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए और 3014 विजन चश्मे भी वितरित किए गए हैं। डॉ. बलजीत कौर ने दोहराया कि विभाग बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रखी जाएंगी।

# यदि भगत सिंह भारत के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश का नक्शा कुछ और होता-भगवंत सिंह मान

**धूरी, भेदीनज़र ब्यूरो।**

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि यदि शहीद-ए-आजम भगत सिंह देश के पहले प्रधानमंत्री होते, तो आज देश का नक्शा बिल्कुल अलग होता। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आजादी के दशकों बाद भी देश पुराने सिस्टम के जाल में क्यों उलझा हुआ है, जबकि इसी सिस्टम से मुक्ति के लिए भगत सिंह और करतार सिंह सराभा जैसे क्रांतिकारियों ने अपनी जान न्योछावर की थी।

उन्होंने कहा कि यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि वर्ष 2027 में भी आम आदमी पार्टी ही सत्ता में आएगी, क्योंकि चार वर्षों में सभी गारंटियां पूरी कर दी गई हैं और विरोधियों के पास जनता के सामने जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पार्टियां बारी-बारी से पंजाब को लूटने के बाद अब फिर सत्ता में आने के लिए आपस में लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान



शहीद हुए 750 किसानों को पंजाब अभी तक नहीं भूला है।

आज नए बने सब-डिवीजनल अस्पताल को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि जनहित में लिए गए फैसलों के कारण ह्यआप राज्य में दोबारा सरकार बनाएगी। उन्होंने आगे कहा, पंजाब के लोग 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद आप की सरकार बनाने के लिए उत्साहित हैं। वर्ष 2022 में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पैतृक गांव से सत्ता संभालने के बाद हमारी सरकार ने कई जनहितकारी फैसले लिए। हमने चार वर्षों में अपने सभी वादे पहले ही पूरे कर लिए हैं और आने वाले एक वर्ष में हम राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

शासन व्यवस्था में नई पहल का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, हमने चार साल में सभी वादे पूरे कर राजनीति में एक नई परंपरा शुरू की है, जबकि अन्य पार्टियां पांच साल में भी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। पहले दिन से ही हमारी सरकार पिछली सरकारों के खराब सिस्टम को सुधार रही है और हम आम आदमी की भलाई के लिए साहसिक फैसले लेने से नहीं हिचकते।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लअब कांग्रेस और बादल फिर से राज्य को लूटने का एक और मौका तलाश रहे हैं, जबकि राज्य पहले ही इनके शासनकाल में बहुत कुछ झेल चुका है।

लोगों की भावनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के समझदार लोग इन्हें कभी भी एक और मौका नहीं देंगे और चुनावों के बाद इन्हें राजनीतिक गुमनामी में भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, जिन नेताओं ने नशे के कारोबार को संरक्षण दिया था, उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया है। इन नेताओं ने न केवल राज्य में नशे के व्यापार को बढ़ावा दिया, बल्कि अपनी सरकारी गाड़ियों में नशे बेचे और सप्लाई भी किए। पहले किसी ने भी इन प्रभावशाली नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं की थी, लेकिन हमारी सरकार ने ऐसा किया और अब वे अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं।

इन नेताओं की आपसी मिलीभगत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, इन राजनीतिक पार्टियों के बीच एक नापाक गठजोड़ बना हुआ था क्योंकि वे राज्य का खजाना लूटने के लिए एक-दूसरे से हाथ मिला लेते थे। जब ये सत्ता में होते थे तो एक-दूसरे के अपराधों को छुपाने के लिए जानबूझकर आंखें मूंद लेते थे और बचाव कर लेते थे। हालांकि, आप सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि इस घिनौने अपराध के दोषियों को जेल भेजा जाए।

विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, आज भी वे एकजुट हैं। चरणजीत सिंह चन्नी, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सुखजिंदर सिंह रंधावा, कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुखबीर सिंह बादल और अन्य नेता मुझे निशाना बनाने वाले समूह में शामिल हैं। पहले ये नेता मुझे एक मनोरंजन करने वाला बताकर मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन अब डर के मारे दिन-रात मेरा नाम लेते हैं। उन्होंने आगे कहा, 2017 में जब आप को कई सीटें मिलीं और वह विपक्ष बनी, तब उन्होंने कहा था कि कुछ नहीं होगा। 2022 में भी उन्होंने यही कहा, लेकिन हमारी सरकार ने लोगों के हित में कई पहल कीं। अब फिर वे कहते हैं कि 2027 में कुछ नहीं होगा, लेकिन आप भारी बहुमत से दोबारा सरकार बनाएगी।

## वित्त मंत्री ने बैंकों के लिए पेंशनर सेवा पोर्टल रजिस्ट्रेशन को पूरा करने की समय-सीमा की निर्धारित



**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के पेंशनरों की पेंशनर सेवा पोर्टल पर 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन को तेज करने के उद्देश्य से आज यहां पेंशन वितरित करने वाले बैंकों के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और प्रत्येक बैंक के केस लोड के अनुसार इस कार्य को पूरा करने के लिए समय-सीमाएं जारी कीं। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह डिजिटल परिवर्तन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पंजाब सरकार के पेंशनर सरकारी कार्यालयों में जाए बिना अपने घरों से ही आवश्यक सेवाओं तक पहुंच कर सकें। इस व्यापक प्रगति समीक्षा के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पोर्टल की शुरूआत और उसके बाद जिला स्तर के ह्यसेवा मेलोंह्ण के बाद 1,11,233 पेंशनर पहले ही अपना ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं और इस गति को और तेज करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी पेंशनर इस सेवा के लिए रजिस्टर हो सकें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को सेवानिवृत्त पेंशनरों की सहायता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए, विशेष रूप से ब्रांच मैनेजरों को उन बुजुर्ग पेंशनरों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए जो डिजिटल इंटरफेस से परिचित नहीं हैं। वित्त मंत्री ने चेतावनी दी कि बैंक स्तर पर कोई भी लापरवाही या तकनीकी बाधा जो इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में रुकावट डालती है, उसके खिलाफ सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में चिंताओं को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने आश्वासन दिया कि इस अनिवार्य रजिस्ट्रेशन चरण के दौरान पेंशन वितरण बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा। वित्त मंत्री ने बैठक के समापन पर इस योजना में शामिल सभी भागीदारों से पंजाब को डिजिटल कल्याण सेवाओं में एक अग्रणी बनाने के लिए मिशन-मोड भावना से काम करने की अपील की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रदेश के 3.15 लाख पेंशनरों को यह सुविधा बिना किसी रुकावट या कठिनाई के प्रदान की जा सके। बैठक में अन्य लोगों के अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त आलोक शेखर, निदेशक खजाना अरविंद के. एम. के. और अतिरिक्त निदेशक खजाना सिमरजीत कौर उपस्थित थे।

## पंजाब ने स्कूलों की तस्वीर बदलने के लिए ऐतिहासिक मिशन शुरू करने हेतु वर्ल्ड बैंक के साथ 3,500 करोड़ रुपये का समझौता किया: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।**

पंजाब के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भगवंत मान सरकार ने पंजाब शिक्षा क्रांति 2.0 की शुरूआत की है, जिसके तहत अगले छह वर्षों में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश से स्कूल शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे के सुधार को तेज करना और पंजाब की शिक्षा प्रणाली को विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप बनाना है। इस मिशन के तहत पंजाब सरकार ने कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विश्व बैंक के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी राज्य द्वारा पहले से किए गए महत्वपूर्ण शिक्षा सुधारों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता को दर्शाती है।

इस कार्यक्रम के लिए कुल 3,500 करोड़ रुपये में से 2,500 करोड़ रुपये विश्व बैंक द्वारा ऋण सहायता के रूप में और 1,000 करोड़ रुपये पंजाब सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे, जिससे यह राज्य के इतिहास के सबसे बड़े शिक्षा सुधार निवेशों में से एक बन जाता है। पंजाब शिक्षा क्रांति 2.0 की शुरूआत पहले चरण की उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए की गई है। पहले चरण के तहत राज्य भर के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल दी गई और पंजाब को राष्ट्रीय शिक्षा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचाया गया।

भारत सरकार द्वारा आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में पंजाब ने केरल को पीछे छोड़ते हुए कक्षा शिक्षण परिणामों में पहला स्थान हासिल किया और देशभर में अग्रणी बनकर उभरा। यह उपलब्धि शिक्षा क्रांति के तहत किए गए बुनियादी सुधारों को दर्शाती है, जिनमें कक्षा शिक्षण को मजबूत करना, बुनियादी ढांचे का उन्नयन और लगभग 20,000 सरकारी स्कूलों में प्रशासन को बेहतर बनाना शामिल है।

पिछले दो वर्षों के दौरान राज्य ने करियर मार्गदर्शन प्रणालियों को मजबूत किया है, विज्ञान और वाणिज्य संकाय तक पहुंच का विस्तार किया है, शिक्षक प्रशिक्षण तंत्र को सुदृढ़ किया है और हजारों संस्थानों में स्कूल बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाया है, ताकि सुधार केवल घोषणाओं तक सीमित न रहकर ठोस और मापनीय परिणाम दे सकें।

## हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा लोक निर्माण विभाग की बनाई जा रही सड़कों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।**

पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य में बनाई जा रही सड़कों की प्रगति की समीक्षा के लिए कैबिनेट मंत्री सरदार हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने एक बैठक की।



बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में प्राप्त किया जाए।

उन्होंने बताया कि सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब कार्य तेज गति से शुरू हो चुका है और विभाग द्वारा प्रतिदिन 60 किलोमीटर से अधिक सड़कों का नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। मंत्री ने आगे बताया कि राज्य में हॉट मिक्स प्लांट्स ने अपनी पूरी क्षमता से काम करना शुरू कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदिन 100 किलोमीटर से अधिक सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि पंजाब सरकार ने 30 जून 2026 तक राज्य की लगभग 20,500 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण बिटुमेन की कुछ कमी उत्पन्न हो रही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने इस संबंध में बिटुमेन सप्लायर कंपनियों के साथ उच्च स्तर पर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

अंत में, हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वित्तीय और कार्य संबंधी लक्ष्यों को हर स्थिति में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को बेहतर सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराया जा सके।

## पंजाब पुलिस ने 587 स्थानों पर की छापेमारी; 178 गिरफ्तार

**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक ह्यगैंगस्टरों ते वारह्व मुहिम के 56वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 587 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि गैंगस्टरों ते वार पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसे 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 56वें दिन पुलिस टीमों ने 178 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3 नुकीले हथियार बरामद किए, जिससे इस अभियान की शुरूआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 15,072 हो गई है।

इसके अलावा 99 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 59 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 5 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम युद्ध नशों विरुद्ध के 381वें दिन भी जारी रखते हुए आज 69 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 547 ग्राम हेरोइन, 550 ग्राम अफीम, 918 किलोग्राम भूक्की, 544 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 1300 रुपये की ड्रग मनी बरामद की।

## मलोट को बड़ी राहत: 12 करोड़ की लागत से बना अंडर ब्रिज लोगों को समर्पित: डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।**

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज मलोट में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए अंडर ब्रिज का उद्घाटन करते हुए इसे क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया। यह परियोजना राज्य सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अंडर ब्रिज मलोट शहरवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है, जो यातायात को अधिक सुचारू और तेज बनाते हुए रोजमर्रा की आवाजाही में आने वाली परेशानियों को कम करेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से ट्रैफिक जाम की समस्या में



काफी हद तक कमी आएगी और सड़क हादसों को रोकने में भी मदद मिलेगी।

यह अंडर ब्रिज केवल एक ढांचागत परियोजना नहीं, बल्कि मलोट के लोगों के सपनों की साकार तस्वीर है। वर्षों से रेलवे फाटकों के कारण रुकती जिंदगी, देर से पहुंचते छात्र और आपातकालीन सेवाओं में आने वाली बाधाएं अब अतीत की बात बन जाएंगी। यह परियोजना लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाते हुए क्षेत्र के विकास को नई गति देगी।

उन्होंने शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस अंडर ब्रिज की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जो शहर कई दशकों से दो हिस्सों में बंटा हुआ था, अब इस अंडर ब्रिज के माध्यम से उसका समन्वय संभव हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना शहर के विकास को नई दिशा देगी।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और राज्य के हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों की अन्य समस्याओं को भी ध्यानपूर्वक सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## दुष्कर्मी कपड़ा व्यापारी को सजा, 13 साल पुराने मामले में बठिंडा कोर्ट ने सुनाया फैसला



**बठिंडा, भेदीनज़र ब्यूरो।** महिला ने आरोप लगाया था कि सतपाल ग्रोवर के साथ उनके परिवार की जान पहचान थी, जिसके चलते वो अक्सर ही उनके घर आता जाता था। महिला ने बताया कि एक दिन जब वो अपने घर पर अकेली थी तो सतपाल ग्रोवर उसके बैडरूम में आकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा था। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली एरिया में रहने वाली एक शिक्षिका ने मार्च 2013 में खुदकुशी नोट लिखकर जहर निगल लिया था। पीड़ित को गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इसके बाद थाना कोतवाली पुलिस ने महिला के बयान पर कपड़ा व्यापारी सतपाल ग्रोवर के खिलाफ दुष्कर्म और अलग अलग धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत में चली लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद जिला अदालत ने सरकारी वकील हरभूपिंदर पाल सिंह चौहान की दलीलों से सहमत होते हुए कपड़ा व्यापारी को दुष्कर्म के आरोप में सात साल की सजा और बीस हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई है। महिला ने आरोप लगाया था कि सतपाल ग्रोवर के साथ उनके परिवार की जान पहचान थी, जिसके चलते वो अक्सर ही उनके घर आता जाता था। महिला ने बताया कि एक दिन जब वो अपने घर पर अकेली थी तो सतपाल ग्रोवर उसके बैडरूम में आकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा था। इसी दौरान उसका पति और भाई आ गए तो कपड़ा व्यापारी फरार हो गया था। इसके बाद महिला ने खुदकुशी करने की नीयत से जहर निगल लिया था।

## एस.सी. आयोग द्वारा एस.एस.पी. फरीदकोट से रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़, भेदीनज़र ब्यूरो।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) फरीदकोट से कुलदीप सिंह एवं अन्य बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य मामले में अब तक की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट तलब की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि जसवीर कौर, पंच बंसा सिंह, पंच अमरीक सिंह एवं अन्य के खिलाफ एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज करने के मामले में श्रीमती अमनदीप कौर, सरपंच, पत्नी श्री कुलदीप सिंह, निवासी ग्राम पंचायत चंद भान, ब्लॉक जैतो, जिला फरीदकोट की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25-03-2026 निर्धारित की गई है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस सम्बन्धी पंजाब पुलिस से प्राप्त रिपोर्ट पर विचार करने के बाद आयोग ने निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन स्पेशल लीव पिटीशन नंबर 13440 ऑफ 2025 को ध्यान में रखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी रिपोर्ट तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट डी.एस.पी. स्तर के अधिकारी से जांच करवाकर 25-03-2026 तक आयोग को भेजी जाए।

## सब-डिविजनल अस्पताल और माता-शिशु स्वास्थ्य देखभाल केंद्र से संगरूर का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ: मुख्यमंत्री

**धूरी, भेदीनज़र ब्यूरो।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज धूरी में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले सब-डिविजनल अस्पताल और 30 बिस्तरों की क्षमता वाले माता-शिशु स्वास्थ्य ब्लॉक को लोगों को समर्पित किया। यह परियोजना पंजाब की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और संगरूर जिले में स्वास्थ्य ढांचे को बड़ा बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह परियोजना बुनियादी ढांचे को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डॉक्टरों व स्टाफ की उपलब्धता को बेहतर बनाकर सुलभ एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था लागू करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इससे न केवल धूरी शहर बल्कि आसपास के लगभग 70 गांवों के लोगों को भी लाभ मिलेगा, जिससे हजारों लोगों को घर के नजदीक आधुनिक स्वास्थ्य



सेवाएं मिल सकेंगी।

उन्होंने आगे कहा, 21.65 करोड़ रुपये की लागत से बना यह कॉम्प्लेक्स लगभग 73,000 वर्ग फुट में फैला अत्याधुनिक भवन है, जो इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। इसमें ओपीडी, इनडोर इलाज, इमरजेंसी सेवाएं, जांच सुविधाएं और विशेष सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे सेकेंडरी स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

स्वास्थ्य सेवाओं के दोहरे ढांचे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 50 बिस्तरों वाला सब-डिविजनल अस्पताल व्यापक सेकेंडरी स्वास्थ्य सेवाएं देगा, जबकि 30 बिस्तरों वाला माता-शिशु स्वास्थ्य ब्लॉक गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों की देखभाल को और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया, यह अस्पताल वर्ष 1978 में 30 बिस्तरों के साथ स्थापित हुआ था, बाद में इसे 50 बिस्तरों तक अपग्रेड किया गया और अब इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस 80 बिस्तरों वाला अस्पताल बना दिया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों को दशार्ता है।

बुनियादी सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा, अस्पताल में 13 ओपीडी कमरे, इमरजेंसी ब्लॉक, दो रजिस्ट्रेशन काउंटर और बड़ी व छोटी सर्जरी के लिए 7 ऑपरेशन थिएटर हैं। इसके अलावा तीन लैबोरेट्री, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

उन्होंने आगे कहा, अस्पताल में 12 निजी कमरे, 6 जनरल वार्ड, एक पूर्ण रूप से कार्यशील दवा भंडार, एसएमओ कार्यालय, 11 नर्स स्टेशन और 2 लिफ्टें हैं, जो मरीजों की बेहतर देखभाल और कार्यकुशलता को सुनिश्चित करती हैं।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, अस्पताल में सर्जिकल सेवाओं के साथ घुटना प्रत्यारोपण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। विशेषज्ञ डॉक्टर, विशेषकर कान-नाक-गला (ईएनटी) के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेंगे।

# स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा का चांदनी चौक क्षेत्र में औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को सदर पहाड़गंज जोन के चांदनी चौक क्षेत्र में स्थानीय पार्षद सुमन कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उपायुक्त कनिका तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शर्मा ने दंगल मैदान पार्किंग एवं पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित क्लब पार्किंग का दौरा किया गया। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि इन पार्किंग स्थलों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के विपरीत ट्रांसपोर्टरों द्वारा अवैध रूप से सामान की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्लब पार्किंग क्षेत्र में अवैध झुग्गियों का निर्माण तथा सड़क किनारे अतिक्रमण कर अवैध रूप से शराब की बिक्री भी पाई गई, जिसे गंभीर अनियमितता मानते हुए स्थायी समिति की अध्यक्ष ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थायी समिति अध्यक्ष ने क्षेत्रीय उपायुक्त को निर्देश दिया कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के आसपास के सभी अतिक्रमण तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं। साथ ही स्थानीय थाना प्रभारी लाहौरी गेट को मौके पर बुलाकर सड़क किनारे अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आसपास स्थित सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करते हुए सत्या शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को शौचालयों की नियमित सफाई, रखरखाव और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त (आरपी सेल) को निर्देश दिया कि क्लब पार्किंग एवं दंगल मैदान पार्किंग के टेंडर तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं तथा संबंधित एजेंसियों पर भारी जुमार्ना लगाया जाए। एमसीडी के कुछ पुराने भवन के जर्जर अवस्था में मिलने पर सत्या शर्मा ने निर्देश दिए कि ऐसे भवनों का विस्तृत निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा एमसीडी की भूमि के उपयुक्त उपयोग और राजस्व सृजन की संभावनाओं का भी आकलन किया जाए। स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि वह दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर रही हैं, ताकि जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। ऐसे निरीक्षणों के माध्यम से समस्याओं की पहचान कर उनके त्वरित समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर एवं प्रभावी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# रुप नगर हादसे पर मुआवजे की मांग देवेंद्र यादव ने सरकार पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रुप नगर नाले पर लोहे का पुल टूटने से एक महिला की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए दिल्ली सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे के लिए सीधे तौर पर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जिम्मेदार है और मृत महिला के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। देवेंद्र यादव ने कहा कि राजधानी में आए दिन हो रहे हादसों में लोगों की जान जा रही है और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में नालों में गिरने, सड़कों के गड्ढों में फंसने और जलभराव जैसी घटनाओं में मौतें अब आम हो चुकी हैं, जिससे दिल्ली धीरे-धीरे असुरक्षित शहर बनती जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में नालों और सड़कों पर गड्ढों के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां, जिसके चलते लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने 5 फरवरी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर 25 वर्षीय कमल ध्यानी की मौत हो गई थी, लेकिन इस मामले में किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली। देवेंद्र यादव ने कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि होली जैसे त्योहार पर भी झगड़ों के चलते हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई करने के बजाय केवल औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने मांग की कि जर्जर पुलों, इमारतों और अन्य संरचनाओं की तत्काल प्रशासनिक जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में 'ऑडिबल ट्रैफिक सिग्नल' लगाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू को पत्र लिख कर राष्ट्रीय राजधानी के ट्रैफिक लाइटों पर 'ऑडिबल सिग्नल' (ध्वनि-आधारित संकेत) लगाने का आग्रह किया है। विजेंद्र गुप्ता ने पत्र में एम्स के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के चिंताजनक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली में लगभग 60 लाख लोग विभिन्न प्रकार की दृष्टि संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। इनमें से लगभग 12 से 18 लाख लोग गंभीर 'लो विजन' के साथ जी रहे हैं, जिनमें से कई वरिष्ठ नागरिक हैं। वर्तमान यातायात प्रणाली उन लोगों के लिए पूरी तरह अपर्याप्त है जो केवल दृश्य संकेतों पर निर्भर नहीं रह सकते। सोमवार को लिखे पत्र में इस बात पर भी बल दिया गया है कि सुलभ क्रॉसिंग सहायता की कमी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा निरंतर बना रहता है और यह आबादी के एक बड़े वर्ग की गतिशीलता को सीमित करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने उन सफल अंतरराष्ट्रीय मॉडलों का भी उदाहरण दिया जहां चौराहों पर बीप या टिक-टिक जैसी ध्वनियाँ एक मानक विशेषता बन चुकी हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि जापान, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, हांगकांग, सिंगापुर, फ्रांस, स्वीडन, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने पैदल यात्री सुलभता में सुधार के लिए इन प्रणालियों को सफलतापूर्वक अपनाया है। विजेंद्र गुप्ता ने विशेष रूप से जापान में उपयोग की जाने वाली मेलोडिक या पक्षियों जैसी मधुर आवाजों का जिक्र किया, जो पैदल यात्रियों को यह पहचानने में मदद करती हैं कि सड़क पार करना कब सुरक्षित है, जिससे एक अधिक संवेदनशील और उपयोगकर्ता-अनुकूल शहरी वातावरण तैयार होता है। उन्होंने रेखांकित किया कि प्रमुख यातायात चौराहों पर ऑडिबल सिग्नल लगाना केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है, बल्कि यह मानवीय गरिमा और सुरक्षा की दृष्टि से एक अनिवार्य आवश्यकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने उपराज्यपाल से इस प्रस्ताव की समीक्षा करने और दिल्ली की सड़कों को हर नागरिक के लिए सुरक्षित बनाने को लेकर इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का अनुरोध किया है।

# महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में आयोजित ह्यनारी उत्सवह्ण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्तव्य, निस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करने वाली सम्पूर्ण नारी शक्ति को वह नमन करती हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और देश को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रही हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्मल छाया परिसर का दौरा कर विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की अनेक पहलों का शुभारंभ एवं अवलोकन किया और महिलाओं तथा बच्चों के समग्र सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति आज ग्रामीण उद्योगों से लेकर कॉर्पोरेट जगत, राजनीति से लेकर सेना तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। इसी दृष्टि के अनुरूप दिल्ली सरकार भी महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के तीन प्रमुख स्तंभों सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरतापर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर बेटी और बहन को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में उसके सम्मान को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए, और हर महिला को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगामी 24 मार्च को पेश होने वाले दिल्ली सरकार के बजट में महिलाओं और बेटियों के लिए महत्वपूर्ण पहलें शामिल होंगी। उन्होंने विशेष रूप से सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी) को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि दिल्ली में महिलाओं को छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने महिला हाट जैसे प्लेटफॉर्म विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू कर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना है। उन्होंने समाज के प्रति साझा जिम्मेदारी पर बल देते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, ताकि कोई भी भूखा, बेरोजगार या उपेक्षित न रहे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स का विस्तृत निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आफ्टर केयर होम फॉर वुमन, बालिका गृह और बाल निकेतन का दौरा कर यह सुनिश्चित किया कि वहां रहने वाली महिलाओं और बच्चों को उच्च गुणवत्ता की देखभाल, सुरक्षा और सुविधाएं मिल रही है। साथ ही उन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें बैग एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। उन्होंने सुरक्षा, पोषण एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने संकल्प हब का निरीक्षण किया, जहां मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही उन्होंने सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा संचालित ह्यमहिला हाटह्ण का अवलोकन किया, जहां स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के साथ ह्यश्री अन्न (मिलेट्स)ह्ण पर आधारित पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री ने डब्ल्यूसीडी-डीएसईयू के तहत प्रशिक्षित महिलाओं से संवाद किया और आज से 10 स्थानों पर शुरू हुई एसएचजी द्वारा संचालित कैंटीनों की सराहना करते हुए इसे महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त मॉडल बताया।

## गैस किल्लत से कारोबार प्रभावित, महेंद्र भास्कर ने सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** रसोई गैस की किल्लत को लेकर करोल बाग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्र भास्कर ने कहा कि इस संकट ने जहां लाखों घरों को प्रभावित किया है, वहीं बड़ी संख्या में लोगों के रोजगार पर भी गंभीर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि गैस की कमी का सीधा प्रभाव आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। महेंद्र भास्कर ने बताया कि दिल्ली, विशेषकर करोल बाग क्षेत्र में छोटे ढाबों, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और रेहड़ी-पटरी पर खाने-पीने का सामान बेचने वाले लोगों की बड़ी संख्या है, जिनका कारोबार पूरी तरह रसोई गैस पर निर्भर है। गैस की कमी के कारण इनका कामकाज ठप हो गया है। कुछ लोग महंगे दामों पर गैस की व्यवस्था कर किसी तरह अपना काम चला रहे हैं, लेकिन इससे उन्हें मजबूरन अपने उत्पाद भी महंगे दामों पर बेचने पड़ रहे हैं।

# अमेजन गोदाम कर्मियों पर महंगाई की मार रसोई गैस संकट से बढ़ी भूख की समस्या




**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

अमेजन इंडिया वर्कर्स यूनियन (एआईडब्ल्यूयू) ने देशभर में अमेजन के गोदामों में कार्यरत श्रमिकों की बिगड़ती स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। यूनियन का कहना है कि रसोई गैस की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, स्थिर वेतन और आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण श्रमिकों के सामने भोजन जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी कठिन होता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, अधिकांश गोदाम कर्मी प्रवासी हैं और किराए के मकानों में रहते हैं, जहां उनके पास स्थायी पते का प्रमाण नहीं होता। इस कारण वे सरकारी या औपचारिक एजेंसियों के माध्यम से रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त नहीं कर पाते। मजबूरी में उन्हें खुले बाजार से छोटे सिलेंडरों में प्रति किलोग्राम के हिसाब से गैस खरीदनी पड़ती है।

पहले यह गैस 100 से 110 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिल जाती थी, लेकिन अब इसकी कीमत बढ़कर 350 से 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। कई क्षेत्रों में गैस आसानी से उपलब्ध भी नहीं है, जिससे श्रमिकों को 10 से 15 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है और अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। वेतन की स्थिति भी चिंताजनक है। अधिकांश कर्मियों की मासिक आय लगभग 12,000 रुपये है, जिसमें से उन्हें किराया, भोजन और परिवार को भेजने के लिए राशि निकालनी होती है। बढ़ती महंगाई के बीच यह आय जीवनयापन के लिए अपर्याप्त साबित हो रही है।

खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। आसपास के भोजनालयों में एक रोटी की कीमत 8 रुपये से बढ़कर 12 रुपये हो गई है, जबकि गोदाम के अंदर कैंटीन में भी समोसे की कीमत 10 रुपये से बढ़कर 15 रुपये हो चुकी है।

# 'कॉफी विद वाइस-चांसलर' में डीयू कुलपति ने किया मिरांडा हाउस की छात्राओं से संवाद



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'कॉफी विद वाइस-चांसलर' नाम से अनूठी पहल करते हुए कुलपति के साथ विद्यार्थियों के सीधे संवाद का आयोजन आरंभ किया है। इस कार्यक्रम के पहले संस्करण में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मिरांडा हाउस कॉलेज की छात्राओं के साथ कॉफी पर चर्चा की।

इस अवसर पर कुलपति ने एक छात्रा के एआई को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि एआई को अपना मास्टर नहीं, बल्कि सहायक बनाएं। इससे घबराना नहीं है, बल्कि इस पर महारत हासिल करनी है। जब नई तकनीक आती है तो चिंताएं होती हैं, लेकिन हमें तकनीक के महत्व को समझना है और एआई जैसी नई क्रांति का भरपूर लाभ उठाना है। कुलपति ने भारत की यूपीआई जैसी तकनीकी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश काफी बदला है। हमारे पास बहुत कुछ करने का सामर्थ्य है।

प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि मूल्य वर्धन कोर्सों (वीएसी) और कौशल संवर्धन कोर्सों (एसईसी) को लेकर एक छात्रा द्वारा पूछे गए प्रश्न पर कुलपति ने कहा कि एक अच्छा इंसान बनाने का काम करना शिक्षा का उद्देश्य है। संस्कार और देश प्रेम पर भी शिक्षा में काम होना चाहिए। इसलिए इन कोर्सों की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समझ की समझ को विकसित करना है। एक छात्रा ने खुल कर पूछा कि एक कुलपति के रूप में आप हम से क्या अपेक्षा रखते हैं?

# इफ्तार में दिखी सौहार्द की मिसाल सादगी से ईद मनाने की अपील



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

रमजान के पवित्र महीने के दौरान मलका गंज क्षेत्र में आयोजित इफ्तार कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के लोगों ने एक साथ रोजा खोलकर आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस आयोजन का नेतृत्व रमजान-उल-मुबारक इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान और महासचिव हाजी मोहम्मद अनवार ने किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर रोजेदारों के साथ इफ्तार किया और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री, उलोमा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना कौकब मुजतबा, ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के मुख्य काजी मुफ्ती मोहम्मद ताहिर हुसैन, यूनाइटेड सिख फोरम दिल्ली के निदेशक सरदार प्रीतम सिंह, दिल्ली नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद एहसान कुरैशी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा मोहम्मद दानिश मतीन, मोहम्मद अजहरुद्दीन, जहीर आलम, श्री उमेश माथुर, श्री नेत्रपाल आर्य, हाजी कमालुद्दीन, मोहम्मद कामिल, मनोज कुमार, मोहम्मद फरमान, शहजाद अहमद, शफीकुद्दीन और करनाल सिंह सहित अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## यमुनापार में मेडिकल हब से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत: दीपक गाबा

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के अध्यक्ष दीपक गाबा ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली में लगातार जनहित के बड़े फैसले ले रही है, जिनका लाभ न केवल राजधानी बल्कि पूरे एनसीआर की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में सरकार नए आयाम स्थापित कर रही है और लोगों को इसका सकारात्मक असर महसूस होने लगा है। दीपक गाबा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने पूर्वी दिल्ली के प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों–गुरु तेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल–को एकीकृत कर एम्स की तर्ज पर एक स्वायत्त संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को भविष्य में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान-2 के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा।


पूर्वोत्तर रेलवे

**निविदा शुद्धिकरण सूचना**

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 11/2026 दिनांक 10.03.2026 के अंतर्गत कमांक 01 से 04 पर अंकित निविदा जो दिनांक 01.04.2026 को खोली जानी है, जिसमें बयाना राशि (ई.एम.डी.) को जीसीसी–2022 ए.सी.एस–11 द्वारा संशोधित करते हुए रुपया 1,93,900/–, 2,49,700/–, 6,55,000/– एवं 3,71,900/– से बढाकार क्रमशः 1,93,900/–. 3,98,900/–,20,20,000/– एवं 8,87,700/– रुपये कर दिया गया है। एवं जीसीसी–2022 ए.सी.एस–11 के अनुसार सभी शर्ते लागू होंगी। ई–निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट पर www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)

मुजाधि/डब्लू–511 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77269015 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सी एम एस क्रासिंग (टी 4220 & टी 4967) | 2251 सेट | 08-04-26 |
| 02 | 07250012 | हेल्थ फौसत 1/2 इंच | 23315 नग | 20-05-26 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 94/2025–2026 दिनांकः– 17.03.2026 899/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# युवा देश के भविष्य का निमार्ता: सूद

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**




दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित ह्यविकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रमह्ण में भाग लेते हुए युवाओं को देश के भविष्य का निमार्ता बताया। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

सूद ने कहा कि यह कोई सामान्य औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के भविष्य को आकार देने वाली ऊर्जा का केंद्र है। जहां से एक नई क्रांति का सूत्रपात होगा। उन्होंने उपस्थित छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल इस इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के वास्तुकार और शिल्पकार हैं, जो वर्ष @2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सूद ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का मंत्र है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में नई चेतना का संचार किया। 150 साल पहले अंग्रेजी शासन में जहां देश की स्वतंत्रता के परवाने इस गीत को गाकर शहीद हो गए वैसा ही जज्बा आज के युवाओं को विकसित भारत@2047 बनाने के लिए दिखाना होगा।

शिक्षा मंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई थी और आज पुनः इतिहास उन्हें पुकार रहा है। इस बार लक्ष्य स्वतंत्रता नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण है। ह्यविकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रमह्ण इसी उद्देश्य से युवाओं को राष्ट्रीय दृष्टि से जोड़ने, उन्हें सशक्त बनाने और देश की विकास यात्रा में सहभागी बनाने का मंच प्रदान करता है। सूद ने 'माई भारत' पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल, जिसे केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, युवाओं में स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित कर रही है। 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' में दिल्ली के लगभग 45,000 छात्रों ने भाग लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली का युवा केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि देश की आर्थिक दिशा को समझने और उसमें भागीदारी निभाने वाला एक जिम्मेदार नागरिक भी है।


उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

पत्र संख्या 128-डब्ल्यु/वं.म.अधि./सं./निविदा आमंत्रण सूचना-19-25-26-ड्ब्ल्युसी दिनांक: 16.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दिल्ली मंडल के अंतर्गत SBCM/FRM मशीन का प्री एवं पोस्ट अटेंशन कार्य तथा T-28 मशीन द्वारा टर्नआउट का डीप स्क्रीनिंग कार्य। (निविदा आमंत्रण सूचना–19–25–26–ड्ब्ल्युसी) |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 6,10,47,950.91/- |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 12,21,000/- |
| 4 | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 24.03.2026 को 15:00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक 09.04.2026 को 15:00 बजे तक |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

889/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में पानी की सप्लाई, सैनिटरी और ड्रेनेज सिस्टम वगैरह की मरम्मत और NRCH में सुधार और नवीनीकरण का काम। | रू 16632778.55 | रू 332700/- | 08 माह | 10.04.2026 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 10.04.2026 15.00 बजे तक ही भरी जायगी.

पत्रसं.: 128-W-269-O.E.T-13-25-26-NRCH दिनांक:-16.03.2026 887/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# सोनम वांगचुक की रिहाई के मायने

क्या राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा भी अब भाजपा की सुविधा के अनुसार तय होगी, यह गंभीर सवाल पर्यावरण कार्यकर्ता और मैगसेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले के बाद उठा है। 26 सितंबर 2025 को सोनम वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। पहले तो यह सरकार यह बताने ही तैयार नहीं थी कि वे किस जेल में रखे गए हैं। फिर बताया गया कि वे जोधपुर जेल में हैं। सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया था। लेकिन शनिवार को अचानक मोदी सरकार को यह ज्ञान प्राप्त हुआ कि अब वांगचुक देश की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं और उनकी रिहाई का आदेश दिया गया।

पहले तो यह बात समझ से परे थी कि अपने राज्य के हक की बात करने में देश की सुरक्षा को कैसे खतरा हो सकता है। बता दें कि 2019 में जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को अलग करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला मोदी सरकार ने लिया था। तब वहां की जनता को भरोसा दिलाया गया था कि अब उन्हें अच्छे से हक मिलेंगे और उनके राज्य की तरक्की होगी। लेकिन लद्दाखी जनता से किए वादे केंद्र सरकार ने पूरे नहीं किए और न ही उनकी मांगों का अब तक कोई समाधान निकाला गया।

लद्दाख के लोगों की कुछ प्रमुख मांगें हैं, जैसे-लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए, ताकि आदिवासी क्षेत्रों की सुरक्षा मिले। लेह और करगिल दोनों के लिए अलग-अलग परिषद हों और सरकारी नौकरियों की खाली जगहें भरी जाएं।

इन्हीं मांगों को लेकर सोनम वांगचुक बीते साल से अलग-अलग मौकों पर आमरण अनशन और दिल्ली तक मार्च कर चुके हैं। अक्तूबर 2024 में उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और इसे छठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लद्दाख से दिल्ली तक पैदल मार्च निकाला था। हालांकि दिल्ली पुलिस ने सिंधु बॉर्डर से उन्हें हिरासत में ले लिया था। साल 2025 में इसी मांग को लेकर 35 दिन की उनकी भूख हड़ताल के 15वें दिन 24 सितंबर को लेह में आंदोलन हिंसक हो गया जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 50 लोग घायल हुए थे। इसके लिए सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराते हुए और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए हिरासत में लिया गया। उनकी हिरासत पर सवाल उठाते हुए उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन इस पर सरकार बार-बार टालमटोल कर रही थी। आखिरकार न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कह दिया था कि वे 17 मार्च को इस पर अंतिम सुनवाई करेंगे। पीठ ने यह भी कहा था कि सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो इस बृहस्पतिवार को देखेंगे और उन्होंने रजिस्ट्रार से स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा था कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अस्वस्थ हैं और उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया है। लेकिन वांगचुक की पत्नी एंग्मो की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि मामले में बार-बार स्थगन से देश में 'गलत संदेश' जा रहा है। इसके बाद न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने कहा, 'हम यह बिल्कुल स्पष्ट कर रहे हैं कि चाहे कुछ भी हो, हम अंतिम सुनवाई के बाद अगले मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखेंगे। हम किसी भी नये बिंदु पर बहस की अनुमति नहीं देंगे और सॉलिसिटर जनरल, केवल कपिल सिब्बल द्वारा अपने जवाबी तर्क में उठाए गए नये बिंदुओं पर बहस कर सकते हैं।'

बता दें कि सोनम वांगचुक के भाषणों में ही केंद्र सरकार को देशविरोधी साजिश नजर आ रही थी। लेकिन इससे पहले कि अदालत इन्हें सुनकर कोई राय बनाती, सरकार ने पहले ही वांगचुक की रिहाई का आदेश दे दिया।

कानूनी तौर पर यह उनकी पत्नी और समर्थकों के लिए बड़ी जीत है। लेकिन यहां चिंता की एक बड़ी बात यह है कि आखिर भाजपा अपनी सुविधानुसार कब तक लोगों के अधिकारों के साथ ऐसा खेल करेगी। मोदी सरकार को सोनम वांगचुक के भाषण पसंद नहीं आए तो उन्हें जेल में डाल दिया, फिर लगा होगा कि एक साथ विरोध के कई मोर्चे खुल गए हैं। एक तरफ ईरान जंग के कारण देश में ईंधन का संकट है, दूसरी तरफ एपस्टीन फाइल्स पर विपक्ष के सवाल हैं, इनके बीच पांच राज्यों के चुनाव भी हैं, तो वांगचुक की रिहाई कर अपने लिए थोड़ी आसानी शायद भाजपा ने बनाई है। इसी तरह पंजाब चुनाव के फायदे को ध्यान में रखकर अरविंद केजरीवाल पर लगे सारे आरोप भी खारिज हो गए। इसमें फैसला भले अदालत ने दिया, लेकिन आबकारी घोटाले में सबूत पेश करने का काम जांच एजेंसी का था, जो उसने नहीं दिए। अब शायद किसी दिन उमर खालिद की रिहाई भी संभव हो जाए, क्योंकि उन्हें भी पांच सालों से कैद रखा गया है और बार-बार जमानत टलवाई जा रही है।

# अध्ययन, मनन से संस्कार और ज्ञान के खुलते चक्षु

**(संजीव ठाकुर)**



मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अतः मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# परमाणु प्रसार को रोकने की जंग या उसे तेज करने की भूल?

**(डॉ. सत्यवान सौरभ)**

परमाणु हथियारों का प्रसार आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वैश्विक व्यवस्था का एक प्रमुख उद्देश्य यह रहा है कि परमाणु हथियारों का विस्तार सीमित रखा जाए और नए देशों को इस श्रेणी में प्रवेश करने से रोका जाए। इसी उद्देश्य से अनेक अंतरराष्ट्रीय संधियाँ, निगरानी तंत्र और कूटनीतिक पहलें अस्तित्व में आईं। इसके बावजूद समय-समय पर यह विचार सामने आता रहा है कि यदि किसी देश के परमाणु कार्यक्रम से वैश्विक या क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा हो, तो उसे रोकने के लिए निवारक या पूर्व-नेस्त्र३५ी युद्ध का सहारा लिया जा सकता है। परंतु आलोचकों का तर्क है कि इस प्रकार के सैन्य हस्तक्षेप कई बार उस समस्या को हल करने के बजाय और जटिल बना देते हैं, क्योंकि वे अन्य देशों को भी परमाणु हथियार हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में हाल के दशकों की घटनाएँ इस बहस को और अधिक प्रासंगिक बनाती हैं।

> **पश्चिम एशिया की समकालीन परिस्थितियों में यह प्रश्न कि क्या परमाणु प्रसार को रोकने के लिए किए गए सैन्य हस्तक्षेप वास्तव में उसे और अधिक तीव्र बना देते हैं।**

निवारक युद्ध की अवधारणा इस विचार पर आधारित है कि संभावित खतरे को उसके पूर्ण रूप लेने से पहले ही समाप्त कर दिया जाए। यदि किसी देश के पास परमाणु हथियार बनने की क्षमता विकसित हो रही है, तो कुछ शक्तियाँ यह मान सकती हैं कि सैन्य कार्रवाई करके उस कार्यक्रम को नष्ट कर देना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। इस रणनीति का तर्क यह है कि यदि खतरे को प्रारंभिक चरण में ही समाप्त कर दिया जाए, तो भविष्य में बड़े युद्ध या विनाश से बचा जा सकता है। परंतु व्यवहार में यह नीति कई बार अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाती।

पश्चिम एशिया इस संदर्भ में अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहाँ लंबे समय से भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक-सांप्रदायिक तनाव, ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप जैसे अनेक कारक मौजूद हैं। इस क्षेत्र में परमाणु हथियारों की संभावना को लेकर लगातार चिंता बनी रही है। कुछ देशों के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में संदेह और बहस दोनों रहे हैं। ऐसे माहौल में निवारक युद्ध या सैन्य कार्रवाई का विचार अक्सर चर्चा में आता है।

इतिहास में ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ संभावित परमाणु खतरे को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य यह था कि संबंधित देश के परमाणु बुनियादी ढाँचे को नष्ट करके उसे हथियार विकसित करने से रोका जाए। प्रारंभिक दृष्टि में यह रणनीति प्रभावी प्रतीत हो सकती है, क्योंकि इससे परमाणु कार्यक्रम को तत्काल नुकसान पहुँचता है। लेकिन दीर्घकालिक प्रभावों को देखें तो स्थिति अधिक जटिल दिखाई देती है।



पहला महत्वपूर्ण पहलू यह है कि निवारक युद्ध किसी देश में असुरक्षा और अविश्वास की भावना को बढ़ा सकता है। यदि किसी राज्य को यह लगता है कि उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को बाहरी शक्तियों से लगातार खतरा है, तो वह अपनी रक्षा को मजबूत करने के लिए अधिक आक्रामक कदम उठा सकता है। ऐसे में परमाणु हथियारों को ह्लअंतिम सुरक्षा गारंटीह्व के रूप में देखा जाने लगता है। परिणामस्वरूप वह देश अपने परमाणु कार्यक्रम को और अधिक गुप्त तथा तेज गति से आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

दूसरा पहलू क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन से जुड़ा है। पश्चिम एशिया में कई देश एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना रखते हैं। यदि किसी देश के खिलाफ निवारक सैन्य कार्रवाई होती है, तो अन्य देशों को भी यह आशंका हो सकती है कि भविष्य में उनके साथ भी ऐसा हो सकता है। इससे वे अपनी सुरक्षा नीति में परमाणु विकल्प को अधिक गंभीरता से लेने लगते हैं। इस प्रकार एक देश के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरे क्षेत्र में परमाणु प्रसार की दौड़ को तेज कर सकती है।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था से संबंधित है। निवारक युद्ध अक्सर विवादास्पद होता है, क्योंकि इसमें संभावित खतरे के आधार पर सैन्य कार्रवाई की जाती है, जबकि खतरा अभी पूरी तरह वास्तविक नहीं होता। यदि शक्तिशाली देश इस सिद्धांत को बार-बार लागू करते हैं, तो यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता पैदा कर सकता है। अन्य देश भी अपने सुरक्षा हितों के नाम पर इसी प्रकार की कार्रवाइयों को उचित ठहराने लग सकते हैं। इससे वैश्विक स्तर पर संघर्ष और अविश्वास बढ़ सकता है।

पश्चिम एशिया की समकालीन परिस्थितियों में यह बहस और भी जटिल हो जाती है। क्षेत्र में कई ऐसे देश हैं जो सुरक्षा चुनौतियों, क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा और बाहरी हस्तक्षेपों से घिरे हुए हैं। कुछ देशों के परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहन निगरानी और कूटनीतिक प्रयास चल रहे हैं। लेकिन समय-समय पर यह आशंका भी व्यक्त की जाती है कि यदि कूटनीति विफल हो जाती है, तो सैन्य विकल्प अपनाया जा सकता है। यही वह स्थिति है जहाँ यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या निवारक युद्ध वास्तव में समस्या का समाधान है।

आलोचकों का कहना है कि सैन्य कार्रवाई अक्सर अल्पकालिक समाधान देती है, जबकि दीर्घकाल में वह समस्या को और गहरा कर सकती है। जब किसी देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला होता है, तो इससे राष्ट्रीय गौरव और सुरक्षा की भावना को चोट पहुँचती है। इससे उस देश की जनता और राजनीतिक नेतृत्व में यह विश्वास मजबूत हो सकता है कि परमाणु हथियार ही बाहरी दबाव से बचने का सबसे प्रभावी साधन हैं। इस प्रकार निवारक युद्ध उस उद्देश्य के विपरीत परिणाम दे सकता है, जिसके लिए उसे किया गया था।

इसके अलावा, आधुनिक समय में परमाणु कार्यक्रम केवल एक या दो स्थलों तक सीमित नहीं होते। वे कई संस्थानों, वैज्ञानिकों और तकनीकी क्षमताओं के व्यापक नेटवर्क पर आधारित होते हैं। इसलिए किसी एक प्रतिष्ठान को नष्ट करने से पूरे कार्यक्रम को समाप्त करना संभव नहीं होता। अक्सर ऐसा होता है कि हमले के बाद संबंधित देश अपने कार्यक्रम को और अधिक सुरक्षित तथा गुप्त रूप से विकसित करने लगता है। इससे अंतरराष्ट्रीय निगरानी और नियंत्रण और कठिन हो जाते हैं।

हालाँकि यह भी सत्य है कि कुछ परिस्थितियों में निवारक कार्रवाई को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक माना जाता है। यदि किसी राज्य के पास परमाणु हथियार बनने की क्षमता अत्यंत निकट हो और वह क्षेत्रीय या वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा हो, तो कुछ देश यह तर्क दे सकते हैं कि सैन्य हस्तक्षेप अपरिहार्य है। लेकिन इस प्रकार की कार्रवाई को अंतिम विकल्प के रूप में ही देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसके परिणाम व्यापक और अनिश्चित हो सकते हैं।

इस संदर्भ में कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। परमाणु प्रसार को रोकने के लिए केवल सैन्य शक्ति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विश्वास निर्माण, पारदर्शिता, निरीक्षण तंत्र और आर्थिक-राजनीतिक प्रोत्साहनों के माध्यम से भी देशों को परमाणु हथियारों की दौड़ से दूर रखा जा सकता है। पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह दृष्टिकोण विशेष रूप से आवश्यक है, क्योंकि यहाँ किसी भी सैन्य टकराव के व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम हो सकते हैं।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

**(ललित गर्ग)**

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक



प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा।

हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है।

इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है।

निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

**(सौरभ वार्ष्णेय)**

इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ-साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्ध के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरू से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए, क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है।



मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थी–एक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु-आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्त्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही।

इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दशार्ता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है।

हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है।

ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की संतुलित, व्यावहारिक और प्रभावी कूटनीति की बड़ी जीत है। यह संदेश भी देता है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत अपने हितों की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

## ट्रेंडिंग है..सिलिंडर के तनाव को हवा में उड़ा रहे रील-मीम्स

देहरादून, (वेब वार्ता)।

गैस आपूर्ति बाधित होने पर एजेंसियों पर लोगों की भीड़ और टेंशन भले हो लेकिन सोशल मीडिया पर इससे ठहाकों का भी दौर शुरू हो गया है। आपूर्ति बाधित होने से सिलिंडर से निकले कंटेंट से सोशल मीडिया पर तरह-तरह की रील और मीम्स का ट्रेंड है। सिलिंडर की टेंशन के बीच रील और मीम्स खूब वायरल हो रहे हैं।

रसोई गैस की किल्लत के चलते एजेंसियों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसी स्थिति में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों को भी कंटेंट मिला है, जिसे खूब भुनाया जा रहा है। इस कंटेंट में देशी जुगाड़ का तड़का लगाकर रील-मीम्स बनाने का ट्रेंड इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गैस के विकल्प के रूप में कई जुगाड़ों के वीडियो खूब चर्चित है। इन रील्स पर बड़ी संख्या में कमेंट भी आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ही सिलिंडर पर रील बनाने शुरू किए गए। सिलिंडर से जोड़कर कई तरह के अन्य तरीकों को शामिल कर रील बनाई जा रही है। लोग भी इस तरह की रील और मीम्स को पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सिलिंडर रील्स नाम से हैशटैग भी इस समय चर्चित है।

सिलिंडर से शान... इस तरह की रील का भी ट्रेंड :जब से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है तब से सोशल मीडिया पर भी इसकी रील खूब वायरल हो रही है।

## सीएम धामी ने 'प्रयास बेहतर कल के लिए स्मारिका का किया विमोचन

मसूरी, (वेब वार्ता)।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका प्रयास बेहतर कल के लिए का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि सकारात्मक कार्य संस्कृति के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

सीएम धामी ने कहा कि खेल मानव जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सचिवालय कर्मियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्यकुशलता पर भी पड़ता है।

स्मारिका में प्रकाशित लेखों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए सीएम ने आशा व्यक्त की कि यह प्रकाशन आने वाले समय में और अधिक लोगों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## रोजगार मेले में 117 युवाओं का चयन

ऋषिकेश, (वेब वार्ता)।



कौशल विकास और सेवा योजन विभाग देहरादून की ओर से सोमवार को डोईवाला में आयोजित रोजगार मेले में 117 युवाओं को चयनित किया गया। 29 कंपनियों की ओर से 700 रिक्तियों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार लिया गया।

शहीद दुर्गामल्ल पीजी कॉलेज में सोमवार को आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने किया। विधायक ने कहा कि युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए ऐसे आयोजन सार्थक भूमिका निभाते हैं। सेवा योजन विभाग की उपनिदेशक चंद्रकांता ने बताया कि रोजगार के विभिन्न अवसर न केवल रोजगार मेलों के माध्यम से बल्कि विदेश रोजगार प्रकोष्ठ स्किल हब और रोजगार प्रयाग पोर्टल के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

क्षेत्रीय सेवा योजना अधिकारी ममता चौहान नेगी ने भी रोजगार मेले की उपयोगिता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डोईवाला कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेश प्रसाद भट्ट ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का भी काम करता है।

## ट्रेन पटरी से उतरने के मामले में शंटिंग मास्टर के खिलाफ चार्जशीट

देहरादून, (वेब वार्ता)।



दून टर्मिनस पर ट्रेन बेपटरी होने के मामले में आरोपी शंटिंग मास्टर के खिलाफ ऑपरेटिंग विभाग के समक्ष चार्जशीट दाखिल की गई है। शंटिंग मास्टर को एक महीने का समय देकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। इसमें शंटिंग मास्टर की पदोन्नति के साथ वेतन बढ़ोतरी रोकने की कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी के मुताबिक गत 23 फरवरी की शाम स्टेशन पर शंटिंग के दौरान नंदादेवी एक्सप्रेस का एक कोच पटरी से उतर गया था। घटना तब हुई जब ट्रेन अतिरिक्त कोच को प्लेटफार्म नंबर पांच पर छोड़ने जा रही थी। इस दौरान लोको पायलट को सही जानकारी न मिलने पर ट्रेन दीवार से टकरा गई। इस मामले में शंटिंग मास्टर की ओर से सही सिग्नल न दिए जाने की बात सामने आई थी।

घटना के बाद डीआरएम समेत मंडल के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए डीआरएम ने जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद रेलवे के ऑपरेटिंग, पीडब्ल्यूआई, लोको और सिग्नल विभाग मामले की संयुक्त जांच में जुट गए थे। इस मामले में 25 से भी अधिक पेज की संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर मुरादाबाद मंडल कार्यालय में भेजी गई थी। जांच रिपोर्ट में शंटिंग मास्टर की लापरवाही की बात सामने आई थी। इसके आधार पर चार्जशीट तैयार की गई है।

अधिकारियों के मुताबिक शंटिंग मास्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसमें पदोन्नति और वेतन बढ़ोतरी में रोक लगने की कार्रवाई के साथ ही संबंधित को काउंसलिंग और सेफ्टी सेमिनार के लिए भेजा जाएगा।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवती की मौत

काशीपुर, (वेब वार्ता)। काशीपुर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई जबकि उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। न्यू आवास-विकास एलआईसी दफ्तर के पास रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक खुब राम की इकलौती बेटी नेहा चौहान (28) अपनी बुआ नीलम चौहान (33) के साथ सोमवार दोपहर रामनगर रोड स्थित एक होटल में गई थी। वहां से लौटते समय रामनगर रोड पर निर्माणाधीन आरओबी के पास स्थित एक निजी अस्पताल के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी।

## वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचानी जाएगी पहाड़ों की रानी : मसूरी

मसूरी, (वेब वार्ता)।



भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव की हाईप्रोफाइल शादी से मसूरी एक बार फिर सुर्खियों में है। इससे पहाड़ों की रानी मसूरी को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में नई पहचान मिली है। आने वाले समय में शहर के पर्यटन को भी इसका लाभ मिलेगा। क्रिकेटर कुलदीप यादव और वंशिका की शादी की मसूरी में तीन दिनों तक धूम रही।

इस शादी समारोह की खास बात यह भी रही कि मेहमानों को उत्तराखंड के पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन परोसे गए। देशभर से पहुंचे मेहमानों ने मंडुवे की रोटी, झंगोरे की खीर, काफुली, फाणु, कुमाउनी रायता, पहाड़ी राजमा, जखिया का आलू सहित अन्य व्यंजनों को मेहमानों ने खूब पसंद किया।

साथ ही प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और पहाड़ी संस्कृति को करीब से अनुभव किया। इससे मसूरी शादियों और बड़े आयोजनों के लिए एक आकर्षक स्थल बनकर उभरा है। मसूरी के अलावा कैंपटी, धनोल्टी सहित विकासनगर जैसे क्षेत्रों को भी वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का रास्ता खुला है। उत्तराखंड होटल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप साहनी ने कहा कि कुलदीप यादव की शादी से पर्यटन व्यवसाय को भी लाभ मिलेगा। आसपास के क्षेत्रों को भी भविष्य में इसका सीधा फायदा होगा। शहर के होटलों में बड़ी संख्या में शादियां हो रही हैं।

मसूरी होटल एसोसिएशन के महासचिव अजय भार्गव ने कहा कि विवाह समारोह में स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों को प्राथमिकता दिए जाने से स्थानीय किसानों और उत्पादकों को भी सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाल ही में अपील की थी कि शादी समारोह दुनिया के देशों में करने की बजाय उत्तराखंड में करने चाहिए।

## एलपीजी गैस की जमाखोरी रोकने के लिए छापामारी व स्टॉक जांच अभियान चलेगा

देहरादून, (वेब वार्ता)।



प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति को लेकर मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने एलपीजी गैस की जमाखोरी रोकने के लिए छापामारी व स्टॉक जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि एलपीजी गैस एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गैस की अवैध बिक्री और जमाखोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी, स्टॉक की जांच और निगरानी अभियान चलाया जाए। सीएस आनंद बर्द्धन ने यह निर्देश सचिवालय सभागार में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में पूर्ति विभाग के अफसरों ने बताया कि राज्य में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों ने छापा मारने की कार्रवाई, दर्ज एफआईआर का विवरण भी प्रस्तुत किया।

## तेज बारिश से खेतों में बिछी गेहूं की फसल, किसानों के चेहरे मुरझाए

ऊधम सिंह नगर, (वेब वार्ता)।



गदरपुर में बीती रात आई तेज बारिश और अंधड़ के कारण गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। इससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

अंधड़ के चलने से आम और लीची के पेड़ों पर आए बौर पर भी असर पड़ा है। ग्राम बराखेड़ा निवासी जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड़ ने बताया कि तेज बारिश और अंधड़ के कारण उनकी 10 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह खेतों में बिछ गई है। इसी तरह ग्राम निवासी प्रताप सिंह और हरपाल सिंह की चार-चार और मोहम्मद हनीफ की पांच एकड़ गेहूं की फसल गिर गई है। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम में बदलाव न आने के कारण गेहूं की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद थी लेकिन बिन मौसम बारिश और अंधड़ ने काफी नुकसान पहुंचा दिया है। ग्राम राजेंद्र नगर डेरा निवासी किसान हरपाल सिंह विर्क का कहना है कि ग्रीष्मकालीन धान की रोपाई पर रोक लगाने से किसान पहले ही परेशान हैं। अब कुदरत की मार ने भी किसानों के परेशानी को और बढ़ा दिया है।

## गैस एजेंसी पर घट नहीं रही लोगों की भीड़

रुद्रपुर, (वेब वार्ता)। रुद्रपुर में एलपीजी सिलिंडर के लिए गैस एजेंसी पर कतार लगने का सिलसिला जारी है। लोग सुबह से ही लाइन में लग जा रहे हैं। सोमवार को कई लोग एजेंसी के बाहर गाड़ी आने के इंतजार में घंटों खड़े रहे। वहीं रसोई गैस की किल्लत के बीच शहर विधायक शिव अरोरा ने जिला पूर्ति अधिकारी के साथ गैस एजेंसी का निरीक्षण किया।

सोमवार को विधायक अरोरा ने गाबा चौक के निकट इंडेन गैस एजेंसी का दौरा कर कतार में लगे लोगों से बात की। उन्होंने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया कि जिन उपभोक्ता की ऑनलाइन बुकिंग है उनको सिलिंडर जरूर मिलेगा। इसको लेकर अफरा-तफरी का माहौल न बनाएं।

## देह व्यापार के बड़े नेटवर्क का खुलासा

देहरादून, (वेब वार्ता)।




एक मकान में अवैध देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस ने मौके पर छापा मारा। पूछताछ में मकान मालिक ने स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगी के साथ मिलकर देह व्यापार का संचालन करती है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चकराता रोड स्थित गांधी नगर क्षेत्र में एक मकान पर छापा मार देह व्यापार के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से दो संचालकों सहित एक ग्राहक को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन महिलाओं को पीड़ित के रूप में चिन्हित किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप पंत के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रघुनाथ मंदिर के पास एक मकान में अवैध देह व्यापार संचालित हो रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मकान में दबिश दी। छापे के दौरान प्रथम मंजिल पर तीन महिलाएं और दो पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पूछताछ में मकान मालिक रानी देवी ने स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगी आशीष कुमार पांडे के साथ मिलकर देह व्यापार का संचालन करती है। वहीं पकड़ा गया तीसरा व्यक्ति फुल्लो खान ग्राहक के रूप में वहां आया था।

## दमुवाढूंगा में सुरक्षा दीवार के लिए बवाल, पार्षद और भाजपा नेता भिड़े

हल्द्वानी, (वेब वार्ता)।



हल्द्वानी के वार्ड-36 दमुवाढूंगा स्थित रकसिया नाले में सुरक्षा दीवार निर्माण को लेकर सोमवार को बड़ा विवाद हो गया। मेयर और नगर आयुक्त के सामने ही स्थानीय पार्षद और भाजपा नेता के बीच नोंकझोंक हाथापाई में बदल गई।

यह घटना दोपहर डेढ़ बजे से शाम पांच बजे तक चली। विवाद के बाद दोनों पक्ष काठगोदाम पुलिस चौकी व थाने पहुंचे, कार्रवाई की मांग की। रकसिया नाले की दीवार का काम पिछले सप्ताह से विरोध के कारण रुका था। सोमवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट व नगर आयुक्त परितोष वर्मा मौके पर पहुंचे।

इसी दौरान पार्षद तनुजा जोशी और भाजपा नेता महेश जोशी में कहासुनी हुई। मेयर ने उन्हें शांत कराया, पर उनके जाने के बाद विवाद फिर बढ़ गया। पार्षद के समर्थन में अन्य पार्षद भी काठगोदाम थाने पहुंचे। पार्षद तनुजा जोशी की ओर से सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार को उन्हें भाजपा नेता की प्रिंटिंग प्रेस के पीछे बनाई जा रही सुरक्षा दीवार के निर्माण के संबंध में बुलाया गया था। आरोप है कि इसी बीच भाजपा नेता की बहू वहां पहुंची और उनके साथ अभद्रता की। यह भी आरोप है कि भाजपा नेता के पुत्र ने थाने में भी उनके साथ धक्का-मुक्की की। उनके समर्थन में पहुंची अन्य महिलाओं ने बीच-बचाव किया।

वहीं दूसरे पक्ष से हेमा जोशी की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि दोपहर में मेयर, नगर आयुक्त और कार्यदायी संस्था के अधिकारी वार्ड में पहुंचे थे, इसी बीच पार्षद से वार्ता चल रही थी तो उन्होंने सुरक्षा दीवार का काम रोकने का कारण पूछा तो भीड़ के सामने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया गया।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

ऊधम सिंह नगर, (वेब वार्ता)। दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें पति समेत ससुराल पक्ष के चार नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिता ने ससुरालियों पर बेटी को फंदा लगा कर मारने का आरोप लगाया है। ग्राम लालपुर पीपलसाना थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद यूपी निवासी नन्हे ने बताया कि आठ माह पहले उन्होंने अपनी बेटी नाजमा परवीन (24) का विवाह खेड़ा लक्ष्मीपुर निवासी शाहनवाज से किया था। पति, हुसन जहां (सास), महरीन (ननद), शाकिर एवं दो सगे बहनोई व कई अज्ञात लोगों ने दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। नन्हे ने आरोप लगया कि मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी से मारपीट कर छोड़ देने की धमकी देने लगे।

## तबादलों की प्रक्रिया शुरू पर शिक्षकों के अभी नहीं

### मानक के अनुसार होना कार्यस्थलों का चिह्नीकरण

देहरादून, (वेब वार्ता)।



तबादला एक्ट के तहत प्रदेश में कर्मचारियों के तबादलों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 31 मार्च तक विभागाध्यक्षों की ओर से मानक के अनुसार कार्यस्थलों का चिह्नीकरण किया जाना है, लेकिन शिक्षकों और कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़े, शिक्षा विभाग में शिक्षकों के इस साल अभी स्थानांतरण नहीं हो पाएंगे।

तबादला एक्ट के तहत हर साल एक अप्रैल तक मंडल एवं जिला स्तर पर स्थानांतरण समितियों का गठन किया जाना चाहिए। इसके बाद 15 अप्रैल तक हर संवर्ग के लिए सुगम, दुर्गम क्षेत्र के कार्यस्थल, स्थानांतरण के लिए पात्र शिक्षक एवं कर्मचारी के खाली पदों की सूची विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की जानी चाहिए। कुछ विभागों का कहना है कि शासन स्तर से तबादलों के लिए आदेश जारी होने के बाद इस पर काम किया जाएगा।

वहीं, शिक्षा विभाग में तबादलों के लिए सुगम-दुर्गम क्षेत्र का मामला न्यायालय में होने की वजह से शिक्षकों के तबादले इस साल भी लटक सकते हैं।

शिक्षा सचिव रविनाथ रामन के मुताबिक शिक्षकों के तबादलों पर कोर्ट से रोक लगी है। सुगम और दुर्गम क्षेत्र के आधार पर शिक्षकों के तबादले नहीं हो पाएंगे। हालांकि धारा 27 के तहत बेसिक और माध्यमिक के 250 शिक्षकों के तबादलों के लिए प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भेजा गया है। सचिव कार्मिक शैलेश बगोली के मुताबिक तबादला एक्ट में हर साल होने वाले तबादलों के लिए समय-सारणी बनी है।

सभी विभागों को अगल से शासन के आदेश का इंतजार किए बिना तबादला एक्ट की समय-सारणी पर अमल करना चाहिए।

## गर्मी में पैदा हुए संकट के बीच राहत की खबर, 500 मेगावाट बिजली मिली

देहरादून, (वेब वार्ता)।



गर्मी में पैदा हुए बिजली संकट के बीच राहत भरी खबर है। यूपीसीएल ने मध्यम अवधि के तहत जो 500 मेगावाट बिजली खरीदी थी, उसकी आपूर्ति शुरू हो गई है। अब यूपीसीएल ने केंद्र से अतिरिक्त बिजली की मांग की है, जिसके तहत अगले माह से बिजली मिलनी शुरू होगी। मार्च महीने में गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली की मांग और आपूर्ति का गणित गड़बड़ाने लगा है।

यूपीसीएल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, यूजेवीएनएल के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है, जिसकी भरपाई के लिए ऊर्जा निगम को खुले बाजार से भारी मात्रा में बिजली खरीदनी पड़ रही है।

महीने की शुरुआत में जहां यूजेवीएनएल का उत्पादन 90 लाख यूनिट था, वह 15 मार्च तक घटकर 59 लाख यूनिट पर आ गया। उत्पादन में आई इस लगभग 35 प्रतिशत कमी ने यूपीसीएल की चिंता बढ़ा दी थी। इन मुश्किलों के बीच अच्छी खबर ये है कि यूपीसीएल ने मीडियम टर्म टेंडर से जो 500 मेगावाट बिजली खरीदी थी, उसकी आपूर्ति शुरू हो गई है।

## 10 लाख फर्जी एनसीईआरटी किताबों का भंडाफोड़

ऊधम सिंह नगर, (वेब वार्ता)।



रुद्रपुर में कीतरपुर के एक गोदाम में पकड़ी गई एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की फर्जी किताबों की संख्या 10 लाख पाई गई है। सोमवार को रुद्रपुर पहुंचे एनसीईआरटी के अधिकारियों ने किताबों की जांच कर इन्हें फर्जी करार दिया। साथ ही सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेज दिया है। एनसीईआरटी के अधिकारियों का दावा है कि यह देश में अब तक का सबसे बड़ा किताब फर्जीवाड़ा है।

बीते शनिवार की देर रात कोतवाल मनोज रतूड़ी की अगुवाई में पुलिस टीम ने कीरतपुर में एक गोदाम पर छापा मारा था। वहां पर किताबों से लोड एक कैंटर पकड़ा गया था जबकि गोदाम को चलाने वाला मेरठ निवासी संदीप मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने रविवार सुबह तहसीलदार दिनेश कुटौला और प्रभारी सीईओ हरेंद्र मिश्रा की मौजूदगी में गोदाम का ताला तोड़ कर जांच की तो इसमें किताबें फर्जी पाई गईं। हालांकि किताबों की वास्तविक जांच के लिए दिल्ली की एनसीईआरटी टीम को सूचना दी गई थी।

सोमवार को दिल्ली एनसीईआरटी के दो अधिकारी गोदाम पर पहुंचे। अधिकारियों ने जांच में पाया कि किताबों पर वाटरमार्क नहीं है। इसलिए, इनके फर्जी होने की पुष्टि हो गई है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि टीम ने किताबों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजने की तैयारी कर ली है।

पुलिस का मानना है कि इतनी किताबों को कोतवाली में रखना संभव नहीं है। गोदाम में किताबों के 140 लॉट मिले हैं। गिनती में कुल किताबें 10 लाख हैं। ऐसे में पुलिस मंगलवार को किताबों के मामले में आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट जाएगी। कोर्ट के आदेश के बाद ही आगे कदम उठाए जाएंगे। किताब के अनधिकृत छपान और उनकी सप्लाई के तार कई राज्यों से जुड़े हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि किताबों का फर्जीवाड़ा मेरठ का संदीप अकेले नहीं कर रहा था। इसके साथ कई अन्य लोग भी शामिल है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी वैसे-वैसे लोगों के नाम भी सामने आने की उम्मीद है।

किताबों के फर्जी धंधे के मामले में पुलिस मेरठ निवासी गोदाम के संचालक संदीप और अन्य अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रहे है। सीओ प्रशांत कुमार का कहना है कि जैसे ही तहरीर प्राप्त होगी प्राथमिकी कर विवेचना शुरू की जाएगी। फिलहाल गोदाम को सील कर दिया गया है।

# बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के विकास को प्रदान की नई ऊंचाइयां : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को लोकप्रिय राजनेता, कुशल प्रशासक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के जनपद पौढ़ी के एक छोटे से गांव में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही अर्जित की। आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने प्रयागराज की भूमि को चुना। वहीं उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान वह छात्रनेता के रूप में देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े। उन्होंने देश की



स्वतंत्रता के साथ ही सामाजिक जन-जागरूकता व राष्ट्रीय चेतना को प्रखर रूप से बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में 1942 में छात्रनेता के रूप में उनकी गिरफ्तारी हुई। स्वतंत्र भारत में जनप्रतिनिधि, प्रदेश सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उन्होंने प्रयागराज को नई पहचान दी। हेमवती नंदन बहुगुणा द्वारा जनप्रतिनिधि के रूप में जो भी कार्य किए गए। वे समाज के प्रत्येक तबके, देश की समृद्धि व आमजन के कल्याण के लिए थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक जय देवी, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, डॉ. अम्मार रिजवी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि ने भी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# हिंदू नववर्ष उत्सव 2026 : लखनऊ में 19 मार्च को होंगे सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक चेतना के प्रतीक हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति की ओर से एक भव्य, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च को सायं 05:30 बजे प्रदेश की राजधानी लखनऊ के उत्सव (प्रतीक) स्थल, 1090 चौराहा के निकट, गोमती नगर में किया जाएगा।

ये बातें मंगलवार को राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के संयोजक ललित श्रीवास्तव ने जियामऊ स्थित विश्व



संवाद केंद्र में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से कही।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन विशेष रूप से 100 वर्ष की संघ यात्रा के ऐतिहासिक पड़ाव को समर्पित है, जिसमें संगठन के शताब्दी वर्ष की गौरवशाली यात्रा, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के समग्र एवं सकारात्मक परिवर्तन के लिए 'पंच परिवर्तन' आधारित संकल्प कार्यक्रम भी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

ललित श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है।

## जमीनी विवाद में युवक की हत्या, लापरवाही पर थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**जौनपुर, (वेब वार्ता)।**

यूपी के जौनपुर में चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में चंदवक थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह, हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक सुरेश तिवारी और बीट आरक्षी राजकुमार यादव को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर की गई।

एसएसपी ने स्पष्ट कहा है कि कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता की सुरक्षा से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।घटना 15 मार्च की रात करीब 9 बजे गोबरा गांव निवासी सच्चिदानंद मिश्रा (पुत्र रामचरन मिश्रा) गांव के पास स्थित एक ट्यूबवेल पर मौजूद थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डोभी ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सच्चिदानंद मिश्रा का अपने पड़ोसी विष्णु मिश्रा (पुत्र संतोष मिश्रा) से जमीन और लेन-देन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

# लखनऊ के जलसाई नाथ मंदिर का होगा कायाकल्प: जयवीर सिंह

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए करीब 89.82 लाख रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से न केवल मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक होगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी गति मिलेगी। यह स्थल



श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'जलसाई नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत यात्री हॉल का निर्माण, शीट रूफिंग युक्त यात्री शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर से युक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के जरिए परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस पहल से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।'

उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित जलसाई नाथ मंदिर, चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा के संत रविदास मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है।

## दुकान में लगी आग से सबकुछ खाक

**प्रयागराज, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी स्थित एडीए मोड़ पर मंगलवार भोर में आग लगने से दुकान जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते के कर्मचारियों आग पर काबू पा लिया है। आग लगने की वजह प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। फिर भी मामले की जांच जारी है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दोनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुकान के अंदर रह रहा परिवार समय रहते बाहर निकल आया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# बरेली में सास-साले की हत्या करने वाला आरोपित मुठभेड़ में ढेर

**बरेली, (वेब वार्ता)।**

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव रहपुरा चौधरी में सोमवार को सास और साले की हत्या में फरार आरोपित आज सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। दो सिपाही घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिया अस्पताल भेजा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि सोमवार को रहपुरा चौधरी गांव में पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। इस दौरान आरोपित अफसर खां उर्फ बौरा ने सास आसमां (50), साले आदिल (22) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। बीच बचाव में पत्नी सायमा (30) घायल हो गई। आरोपित वारदात के बाद मौके से फरार हो गया था। आरोपित की तलाश में तीन टीमें लगाई गई थीं। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि आरोपित अफसर उर्फ बौरा सहारा ग्राउंड के पास मौजूद है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा। मौके से उसे घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। उसके पास से एक पिस्टल, कारतूस, हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद हुआ है।

## प्रयागराज गंगा में डूबे दूसरे छात्र का भी शव बरामद

**प्रयागराज, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में शिवकुटी थाना क्षेत्र के गंगेश्वर घाट पर गंगा नदी में शनिवार को डूबे दो छात्रों में से दूसरे छात्र का शव भी मंगलवार को पाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि शिवकुटी थाना क्षेत्र स्थित गंगेश्वर घाट पर गंगा में डूबे दूसरे छात्र का शव भी मंगलवार को बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान शुभम कुमार (18) के रूप में हुई है। वह मुंशी गंज कमला नगर का निवासी था। पुलिस के अनुसार शुभम कुमार और उसका साथी आयुष तिवारी, प्रयागराज के गोविंदपुर इलाके में एक लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे।

# 'मुख्यमंत्री युवा योजना' से बदली तकदीर, लखनऊ की खुशी बनीं महिला उद्यमिता की नई पहचान

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के माध्यम से योगी सरकार ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण प्रदान कर युवाओं के स्वरोजगार के सपनों को नए पंख देने का काम कर रही है।

इसी योजना का लाभ लेकर योगी सरकार के ह्यआत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशह्व के संकल्प को लखनऊ की रहने वाली खुशी गुप्ता ने धरातल पर उतारकर उद्यमी बनने का सपना साकार किया है। उन्होंने न सिर्फ ब्यूटी बिजनेस में अपनी अलग पहचान बनाई, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन चुकीं हैं। खुशी



गुप्ता ने बताया कि वे लखनऊ में बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहीं हैं। उनकी मेकअप और ब्यूटी पार्लर में रुचि है। इसके लिए उन्होंने प्रोफेशनल कोर्स भी किया। उनको 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने बैंक जाकर योजना की जानकारी ली और एक हफ्ते का उद्यमिता प्रशिक्षण भी लिया। इस योजना के तहत उनको 4.5 लाख रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। यह पूरी तरह ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त था। मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मिली वित्तीय सहायता से उन्होंने से सैलून का इंटीरियर और वेंडर्स का भुगतान किया। लखनऊ के खुर्रम नगर इलाके में 2025 में ह्यग्लैम हाउसह्व के नाम से यूनिसेक्स सैलून, स्टूडियो और एकेडमी की शुरूआत की। खुशी आज न सिर्फ हर महीने लाखों रुपए कमा रहीं है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रहीं हैं।

## संदिग्ध हालात में हिस्ट्रीशीटर का शव पेड़ से लटका मिला

**सीतापुर, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में जनपद सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक हिस्ट्रीशीटर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान लोनियन पुरवा, मजरा मानपुर सिकरी निवासी पूर्व प्रधान रामजीवन के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रामजीवन सोमवार को घर से यह कहकर निकले थे कि वह पेशी के सिलसिले में सीतापुर मुख्यालय जा रहे हैं, लेकिन न तो वह वहां पहुंचे और न ही वापस लौटे। मंगलवार को उनका शव घर से करीब दो सौ मीटर दूर उनके ही गेहूं के खेत में पेड़ से लटका मिला।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए बड़ी सौगात मुख्यमंत्री प्रदान करेंगे श्रद्धालुओं को वित्तीय सहायता

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

कैलाश मानसरोवर तीर्थ के दर्शनार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार आज मंगलवार को एक बड़ी पहल करने जा रही है। लोकभवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 555 श्रद्धालुओं को एक-एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि वितरित करेंगे।

इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश सरकार तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित करने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह सहायता प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में



श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि सरकार की यह पहल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशीलता को भी दशार्ती है। कैलाश मानसरोवर यात्रा को सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है और यह यात्रा कठिन एवं खचीर्ली होती है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने एसपी कार्यालय घेरा, न्यायिक कार्य ठप

**जौनपुर, (वेब वार्ता)।**

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को एक अधिवक्ता की पीट-पीटकर हत्या के विरोध में वकीलों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के महामंत्री मनोज मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने घटना के विरोध में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिससे अदालतों का कामकाज प्रभावित रहा।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने इस हत्याकांड के लिए पुलिस की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता ने कुछ दिन पूर्व अपनी जान को खतरा बताते हुए एसपी से शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें लगातार धमकियां मिलती रहीं, जिसे नजरअंदाज किया गया।

अधिवक्ताओं ने प्रशासन के सामने कई मांगें रखीं, जिसमें मृतक के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, केराकत थानाध्यक्ष को तत्काल निलंबित करने और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग प्रमुख है। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

# दार्शनिक प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल को 'स्वामी प्रणवानन्द दर्शन पुरस्कार 2026' मिलेगा

**संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण: कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा**

**वाराणसी, (वेब वार्ता)।**

भारतीय दर्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के तुलनात्मक धर्म एवं दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष, दर्शन संकाय प्रमुख प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल को ह्यस्वामी प्रणवानन्द दर्शन पुरस्कारझ्2026ह्व से सम्मानित किया जाएगा। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र के पूर्व कुलपति रहे प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल को अखिल भारतीय दर्शन परिषद ने यह पुरस्कार देने की घोषणा की है। आगामी 23 से 25 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ स्थित जयप्रकाश विश्वविद्यालय में आयोजित परिषद के



70वें अधिवेशन के दौरान यह सम्मान उद्घाटन सत्र में प्रदान किया जाएगा। प्रो.शुक्ल को सम्मान के लिए चयनित होने पर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की। मंगलवार को कुलपति ने अपने कार्यालय में प्रो.शुक्ल को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल को प्राप्त होने वाला यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत विद्वत्व का सम्मान है, बल्कि संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के लिए भी अत्यंत गौरव का विषय है।

## छिनैती के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, चैन व बाइक बरामद

**प्रयागराज, (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित शिवकुटी थाने की पुलिस टीम ने सोमवार रात छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से छिनैती की चैन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों में प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र के पड़िला गांव निवासी शालू पुत्र गुड्डू, सोमेश पाण्डेय पुत्र वासुदेव पाण्डेय और बादशाह पुत्र मो. नफीस है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांगा नदी के समीप स्थित राम-जानकी मंदिर के समीप से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से छिनैती की एक चैन (पीली धातु, तीन टुकड़ों में) तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई।

# उत्तर प्रदेश के 761 नगरीय निकायों में 2802 पार्षद नामित

**लखनऊ, (वेब वार्ता)।**

प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों में काफी समय से खाली चल रहे 2802 पदों पर पार्षद नामित कर दिये हैं। इनमें प्रदेश के 17 नगर निगमों समेत 200 नगर पालिकाओं और 544 नगर पंचायतों में पार्षद नामित कर पार्टी कार्यकताओं का समायोजन किया गया है। नामित पार्षदों का कार्यकाल नगरीय निकायों के शेष कार्यकाल तक रहेगा।

भाजपा की ओर से नामित पार्षदों के लिए प्रदेश सरकार को सूची भेजी गयी थी। प्रमुख सचिव नगर विकास पी.गुरू प्रसाद ने सोमवार देर रात नगरीय निकायों में पार्षदों को नामित करने संबंधी अलग–अलग सूची जारी की। जारी सूची के अनुसार प्रत्येक नगर निगम में 10, नगर पालिका परिषद में 05, नगर पंचायतों में तीन–तीन पार्षद नामित किए गए हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नगर निकायों में मनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब राष्ट्रसेवा के संकल्प और समर्पण के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के विकास तथा जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हम सभी मिलकर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रदेश और राष्ट्र की सेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे। भाजपा उत्तर प्रदेश एक परिवार के रूप में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# औद्योगिक गैस आपूर्ति बाधित एमएसएमई पर असर की आशंका

**बरेली, (वेब वार्ता)।**

औद्योगिक गैस/एलपीजी आपूर्ति में आई हालिया रुकावट को लेकर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर की कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार रात को होटल कासा डिवाइन में हुई। बैठक की अध्यक्षता चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने की, जबकि संचालन सचिव रजत मेहरोत्रा ने किया।

बैठक में एमएसएमई इकाइयों को गैस आपूर्ति में आ रही दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि मौजूदा समस्या गैस की



वास्तविक कमी से ज्यादा लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की प्रतीत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों के समन्वय से जल्द समाधान निकल जाएगा। चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने बताया कि अभी तक ऐसी कोई पुख्ता सूचना नहीं है कि गैस संकट के कारण किसी औद्योगिक इकाई को बंद करना पड़ा हो। उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि यदि आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

# योगी ने माँ विंध्यवासिनी का किया दर्शन

**बोले-नवरात्र में दुनिया को रिझाएगा विंध्य कॉरिडोर**

**मीरजापुर, (वेब वार्ता)।**

चैत्र नवरात्र से ठीक पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माँ विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया और अपनी ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विन्ध्याचल की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम



भी बनेगी। नवरात्र में विंध्य कॉरिडोर दुनियाभर से आने वाले श्रद्धालुओं को रिझाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विंध्य कॉरिडोर परियोजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी,बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जा रहा है। यह परियोजना भारतीय सनातन परंपरा और आधुनिक वास्तुकला का अद्भुत संगम है। विंध्य कॉरिडोर विन्ध्याचल धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए भव्य और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री का आगमन मोतीझील हेलीपैड पर हुआ,जहां उनका स्वागत मंत्री आशीष पटेल,एमएलसी विनीत सिंह,पिछड़ा आयोग उपाध्यक्ष सोहन लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने किया।

पूर्वाह्न 11 बजे मुख्यमंत्री कार द्वारा पुरानी वीआईपी गेट नंबर एक पहुंचे, जहां नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा और छानबे विधायिका रिंकी कोल ने अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री गर्भगृह में पूजा सामग्री के साथ प्रवेश कर विधिपूर्वक मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। दर्शन और पूजन के पश्चात मुख्यमंत्री ने मंदिर के पूर्वी कॉरिडोर का निरीक्षण किया।

# सीकर में दो स्कूल बसों की टक्कर में एक बस पलटी, 36 बच्चे घायल

**सीकर, (वेब वार्ता)।**

जिले के दादिया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह निजी स्कूल की दो बसों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दोनों बसों में सवार करीब 36 बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार हादसा दुगार्पुरा नाड़ी जोहड़ी के पास उस समय हुआ, जब दोनों बसें बच्चों को घर से स्कूल लेकर जा रही




थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ओवरटेक करने के प्रयास में दोनों बसें आपस में टकरा गईं। दादिया थानाधिकारी बुद्धिप्रसाद ने बताया कि दोनों बसें वृंदा वैली स्कूल की हैं। टक्कर के बाद एक बस सड़क से नीचे की ओर पलट गई, जबकि दूसरी बस के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे बस में बैठे बच्चों के सिर और मुंह आगे की सीटों से टकरा गए और कई बच्चों को चोटें आईं।

हादसे की सूचना मिलते ही दादिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए पिपराली के सरकारी अस्पताल और सीकर के एसके अस्पताल पहुंचाया गया।

## राजस्थान बोर्ड कक्षा 5वीं-8वीं की परिणाम तिथि घोषित

**जयपुर, (वेब वार्ता)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) ने कक्षा 5 और कक्षा 8 के परिणाम घोषित करने की तारीख की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। सोशल मीडिया पर जारी आधिकारिक घोषणा के अनुसार, आरबीएसई इन कक्षाओं के परिणाम मार्च 2026 में जारी करेगा। उम्मीदवार अपनी तैयारी और आगे की योजना के लिए इस तारीख का ध्यान रख सकते हैं और बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करके परिणाम चेक कर सकते हैं। राजस्थान बोर्ड ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सभी अटकलों को समाप्त करते हुए स्पष्ट किया कि कक्षा 5 और 8 के परिणाम 24 मार्च 2026 को एक साथ जारी किए जाएंगे।

# मानवेंद्र सिंह के निजी रिश्ते पर सियासी-सामाजिक घमासान

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान की राजनीति से जुड़े एक चर्चित घटनाक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। 60 वर्ष की उम्र में उनका नाम नीरजा सिंह चारण के साथ जुड़ने से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल मच गई है।

नीरजा चारण पाली जिले के खीनामड़ी गांव की निवासी हैं और जोधपुर में एक कार शोरूम में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। दोनों की मुलाकात पेशेवर तौर पर हुई, जो समय के साथ नजदीकी संबंध में बदल गई। पत्नी चित्रा सिंह के निधन के बाद मानवेंद्र के जीवन में यह रिश्ता चर्चा



का विषय बना।

इस बीच परिवार के भीतर भी विरोध सामने आया। मानवेंद्र की 90 वर्षीय मां शीतल कंवर ने सार्वजनिक रूप से इस रिश्ते का विरोध किया। वहीं, उनके बेटे हमीर सिंह की ओर से भी नोटिस जारी कर परिवार ने इस संबंध को स्वीकारने से इनकार कर दिया। मामला अब सामाजिक स्तर पर भी तूल पकड़ चुका है। चारण समाज की बैठक में इस संबंध के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मानवेंद्र सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जैसलमेर में दुर्लभ कैरेकल की हत्या सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**जैसलमेर, (वेब वार्ता)।**

भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे शाहगढ़ क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कैरेकल का शव मारने के बाद जलाने की भी कोशिश की थी।

जानकारी के अनुसार, 14 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें कुछ लोग मृत कैरेकल के पास खड़े नजर आए। वीडियो में कैरेकल का शव लकड़ियों के ढेर के पास पड़ा था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसे जलाने की कोशिश की जा रही थी। वीडियो वायरल होते ही वन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी।

रेंज सम के क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में वन विभाग ने दो अलग-अलग टीमों का गठन किया। टीमों ने शाहगढ़ क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और वीडियो में नजर आ रहे संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी हैं, इब्राहिम खान, उमा, सलिदाद । ये सभी शाहगढ़ क्षेत्र के निवासी हैं। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर रेतीले टीलों में तलाश की गई।

# डीजे पर नाचने को लेकर विवाद युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**सवाई माधोपुर, (वेब वार्ता)।**

जिले के मानटाउन थाना क्षेत्र में बारात के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मानटाउन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कोटा से सवाई माधोपुर के सीमेंट फैक्ट्री इलाके में संजय कलोशिया के यहां बारात आई थी। बारात में डीजे पर नाचने को लेकर विशाल (28) पुत्र रघुवीर चंद का कुछ युवकों से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मारपीट की नौबत आ गई।



इसी दौरान युवकों ने विशाल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजन और मौजूद लोग उसे तुरंत जिला अस्पताल सवाई माधोपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक विशाल कोटा के काली बस्ती, थर्मल चौराहा, शकरपुरा (थाना कुन्हाड़ी क्षेत्र) का रहने वाला था और बारात में शामिल होने सवाई माधोपुर आया था। मृतक के पिता रघुवीर चंद की रिपोर्ट पर मानटाउन थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्ध युवकों को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## वाओं के दम पर 'विकसित राजस्थान' का दावा

**जयपुर, (वेब वार्ता)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' कार्यक्रम में सीएम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है और उनकी ऊर्जा से देश को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और खेल से जुड़े 485 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग पर बड़ी कार्रवाई, 56 सिलेंडर और उपकरण जब्त

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

जयपुर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर गठित तीन विशेष प्रवर्तन दलों ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कुल 56 घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडर तथा रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए हैं।

जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित टीमों ने कार्रवाई के दौरान 4 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 4 कांटे और 3 रेगुलेटर (रबर पाइप सहित) भी जब्त किए। संबंधित आरोपियों के खिलाफ पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस की सूचना पर ब्रह्मपुरी क्षेत्र (आमेर रोड) में छापेमारी के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग का मामला सामने आया। यहां से 20 घरेलू सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर और 2 कांटे बरामद किए गए। इसी तरह गोपालपुरा बाईपास स्थित श्याम एवं गोयनका जनरल स्टोर पर कार्रवाई में घरेलू सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी किए जाने की पुष्टि हुई। यहां से 23 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर और 2 कांटे जब्त किए गए।

# राजस्थान में 18 से फिर बदलेगा मौसम, 20 तक बारिश-आंधी और ओलों की संभावना

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**

राजस्थान में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार 17 मार्च को प्रदेश में मौसम सामान्य और साफ रहने की संभावना है, लेकिन 18 मार्च से एक मजबूत पश्चिमी सिस्टम सक्रिय हो सकता है। इसका असर 20 मार्च तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार इस सिस्टम के प्रभाव से कई जिलों में बादल छाने, हल्की बारिश, तेज हवा और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है। 18 मार्च के लिए प्रदेश के आठ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया



गया है। पिछले दो दिनों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश में गर्मी से कुछ राहत मिली है। सोमवार को कई शहरों का अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे मापा गया, वहीं रात के तापमान में भी गिरावट से ठंडक बढ़ गई।

सोमवार को प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे और हवा भी चली। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री, हनुमानगढ़ में 24.2 डिग्री, चूरू और बीकानेर में 32.8 डिग्री, जैसलमेर और उदयपुर में 34.8 डिग्री, बाड़मेर और चित्तौड़गढ़ में 38.6 डिग्री, जालोर में 35.5 डिग्री, सिरोही में 33.4 डिग्री, जोधपुर में 36 डिग्री, फलोदी में 37.6 डिग्री और कोटा में 36.3 डिग्री अधिकतम तापमान मापा गया।

## अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग बनी हत्या की वजह, महिला सहित तीन गिरफ्तार

**जालोर, (वेब वार्ता)।**

जिले के बहुचर्चित गणपत सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अवैध संबंधों को लेकर हो रही ब्लैकमेलिंग के चलते इस हत्या को अंजाम दिया गया था। यह घटना रामसीन थाना क्षेत्र के मांडोली गांव की है।

पुलिस ने मामले में गजेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह, वागाराम पुत्र कानाराम (दोनों निवासी मांडोली) और लच्छु देवी पत्नी सवाराम को गिरफ्तार किया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

मृतक के बड़े भाई अभय सिंह ने रिपोर्ट में बताया था कि उनका भाई गणपत सिंह (42) निवासी मांडोली नगर 27 अगस्त 2024 की शाम दुकान से घर के लिए निकला था, लेकिन रात तक घर नहीं पहुंचा। इसके बाद रामसीन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अगले दिन 28 अगस्त 2024 को सिकवाड़ा रोड पर सुनसान स्थान पर गणपत सिंह का शव कीचड़ में पड़ा मिला था। उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और पास ही उनकी बाइक भी गिरी हुई मिली थी। शुरूआती जांच में ही पुलिस ने हत्या की आशंका जताई थी।

# राजस्थान में मेगा हाईवे पर निजी बस-ट्रोला की आमने-सामने टक्कर, पांच यात्रियों की मौत

**हनुमानगढ़, (वेब वार्ता)।**

जिले में मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। रावतसर थाना क्षेत्र में सरदारशहर रोड स्थित बरमसर के पास मेगा हाईवे पर एक निजी बस और ट्रोले की आमने-सामने भिड़ंत में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

निजी बस श्रीगंगानगर से जयपुर जा रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे सरसों से भरी दो ट्रॉलियां खड़ी थीं। बस चालक उन्हें ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रोले से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-



तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से रावतसर अस्पताल पहुंचाया गया।

एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही पांच यात्रियों की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल 3-4 लोगों को हनुमानगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि 7 घायलों का इलाज रावतसर अस्पताल में चल रहा है। हादसे में मारे गए पांच लोगों में से तीन मृतकों की पहचान हो चुकी है।

## रामनवमी पर रात दो बजे खुलेगा पटना के महावीर मंदिर का पट

**पटना, (वेब वार्ता)।**

रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर का पट रात 2 बजे ही खोल दिया जाएगा। पट खुलने के बाद 15 मिनट तक आरती होगी और उसके तुरंत बाद श्रद्धालुओं के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो देर रात तक जारी रहेगा। मंगलवार को इस संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश जारी किए गए। रामनवमी के दिन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। कतार में लगे भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, धूप से बचाव के लिए छावनी, पर्याप्त रोशनी, पानी, शर्बत, मोबाइल शौचालय और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, जिन पर लाइव पूजा का प्रसारण होगा।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएंगी, जो वीर कुंवर सिंह पार्क से मंदिर तक जाएंगी। मंदिर परिसर के बाहर से लेकर वीर कुंवर सिंह पार्क तक कुल 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर लगाए जाएंगे।

## दरभंगा में इंजीनियर के घर ईओयू की रेड, 10 घंटे बाद छापेमारी खत्म, जानें क्या-क्या मिला?

**दरभंगा, (वेब वार्ता)।**

दरभंगा में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार के आवास पर आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी करीब 10 घंटे बाद समाप्त हो गई। मंगलवार सुबह शुरू हुई इस कार्रवाई में नौ सदस्यीय टीम ने पूरे घर की गहन तलाशी ली और देर शाम वापस लौट गई। तलाशी के दौरान अभियंता की पत्नी और उनकी दो बेटियां घर में मौजूद थीं।

सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिन्हें अपने साथ ले जाया गया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार घर पर मौजूद नहीं मिले। बताया



जा रहा है कि आय से करीब 68 प्रतिशत अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

छापेमारी के बाद एडव अधिकारियों ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया। वहीं, अभियंता की पत्नी ने भी बातचीत से बचते हुए कहा कि वह काफी परेशान हैं और उन्हें परेशान न किया जाए। फिलहाल मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एडव अधिकारियों ने मंगलवार सुबह सदर थाना क्षेत्र के पासवान चौक स्थित उनके घर पर चार गाड़ियों से पहुंचे जांच प्रक्रिया शुरू कर दी।

## एकलौते बेटे की मौत से टूटा परिवार, रो-रोकर मां-बाप बेहाल

**रोहतास, (वेब वार्ता)।** बिहार के रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड में एक दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के उभांव गांव निवासी पप्पू तिवारी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जिसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार, पप्पू तिवारी इन दिनों छोटकी चेनारी गांव स्थित अपने मौसी के घर रह रहा था। सोमवार दोपहर वह भैंस चराने के लिए धनसोत नदी की ओर गया था। इसी दौरान किसी तरह उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई।

## दो दशक बाद जेडीयू से अलग हुए पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी

**कोलकाता, (वेब वार्ता)।**

जेडीयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने पार्टी की सदस्यता नवीनीकरण नहीं कराया और अब वह आगे की राजनीतिक दिशा जल्द तय करेंगे। करीब दो दशकों से जेडीयू से जुड़े त्यागी का यह कदम बिहार और राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है।

केसी त्यागी ने साफ कहा कि वह जेडीयू से अलग हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान समाप्त हो गया है और इस बार उन्होंने अपनी सदस्यता नवीनीकरण नहीं कराया। त्यागी ने कहा कि वह जल्द ही अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर फैसला करेंगे और इसके लिए अपने साथियों व समर्थकों से चर्चा करेंगे।

केसी त्यागी जेडीयू के गठन के समय से ही पार्टी के साथ जुड़े हुए थे। अक्तूबर 2003 में समता पार्टी और जनता दल के विलय से जेडीयू का गठन हुआ था। तब से लेकर अब तक वह पार्टी के प्रमुख नेताओं में शामिल रहे। उन्होंने पार्टी में मुख्य महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया।

पार्टी छोड़ने के बावजूद केसी त्यागी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति सम्मान जताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के साथ उनका करीब आधी सदी पुराना संबंध रहा है और उनके प्रति उनका व्यक्तिगत सम्मान पहले की तरह ही बना रहेगा।

# '15 करोड़ देकर विधायकों को खरीदा गया', राजद ने इतना बड़ा आरोप लगाया

**पटना, (वेब वार्ता)।**

राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के बाद सियासी घमासान जारी है। विपक्ष लगातार एनडीए सरकार पर धनतंत्र के प्रयोग का आरोप लगा रहा है। पटना से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रीय जनत दल के नेता एनडीए सरकार पर हमला बोल रही है।

राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव ने कहा कि एनडीए वालों ने लोकतंत्र को धनतंत्र में बदल दिया। तंत्र और यंत्र की सरकार है यह। केवल तंत्र ही काम कर रहा है। राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग हुआ है। 15-15 करोड़



रुपये देकर इनलोगों ने विधायकों को खरीदा है। यह बात सब जान गई है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। सच और झूठ की लड़ाई है। आखिर में जीत हमलोगों की ही होगी। क्योंकि हमलोग सच के साथ हैं। वहीं राजद सांसद सुधाकर ने कहा कि जहां उनके (भाजपा) पास बहुमत नहीं था, वहां उन्होंने विपक्षी विधायकों को तोड़ने की कोशिश की।

## रणक्षेत्र में तब्दील हुआ बारात का जश्न, रास्ता देने के विवाद में महिलाओं से मारपीट

**पूर्णिया, (वेब वार्ता)।** बिहार के पूर्णिया जिले में एक शादी समारोह उस वक्त रणक्षेत्र में बदल गया, जब बारात निकलने से ठीक पहले रास्ता देने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और लाठी-डंडे चलने लगे। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना बनभाग चुनापुर पंचायत के वार्ड संख्या-7 की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घटना करीब तीन दिन पुरानी है, जब घर की महिलाएं पानी भरने की पारंपरिक रस्म पूरी कर डीजे की धुन पर नाचते-गाते वापस लौट रही थीं।

# भागलपुर में जल्द दौड़ेगी मेट्रो और उड़ान भरेंगे जहाज

## समृद्धि यात्रा के दौरान डिप्टी सीएम का एलान

**भागलपुर, (वेब वार्ता)।**

सोमवार को राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड स्थित बैजानी पंचायत पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभा स्थल में प्रवेश से पहले सभी लोगों की मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की जा रही थी।

कार्यक्रम में जीविका दीदियों के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं की भारी मौजूदगी देखने को मिली, जिससे पूरा माहौल उत्साह और जोश



से भर गया। मुख्यमंत्री सबसे पहले हवाई अड्डा पहुंचे, इसके बाद उन्होंने बौसी रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। फिर बैजानी पंचायत पहुंचकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह मंडप का शिलान्यास किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री सभास्थल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रगति यात्रा के संकल्प का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वरीय पदाधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की और आम लोगों से सीधा संवाद भी किया। इस मौके पर भागलपुर जिले को बड़ी सौगात देते हुए उन्होंने कुल 171 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति बेहतर नहीं थी और कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर विवाद होते थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने खत्म किए सभी कैबिनेट रैंक

## 20 फीसदी वेतन/भत्ते भी 30 सितंबर तक स्थगित

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी कैबिनेट रैंक खत्म कर दिए हैं। वहीं, 20 फीसदी वेतन/भत्ते भी 30 सितंबर 2026 तक स्थगित किए गए हैं। अब बोर्ड, निगम और आयोगों के चेयरमैन, वाइस-चेयरमैन, सलाहकारों को मिलने वाली कैबिनेट रैंक सुविधा तुरंत प्रभाव से नहीं मिलेगी। सरकार ने सभी विभागों के सचिवों को आदेश दिया है कि वे इस फैसले को तुरंत लागू करें। सरकार ने खर्च कम करने की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर यह निर्णय लिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस फैसले को प्रशासनिक सुधार और खर्चों पर नियंत्रण के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में सरकार की कार्यप्रणाली पर व्यापक असर पड़ सकता है।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश सरकार में सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव कुलविंद्र सिंह द्वारा हस्ताक्षारित नोटिफिकेशन में लिखा है कि 'मुझे यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से 'कैबिनेट रैंक' की स्थिति की समीक्षा की गई है और सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विभिन्न बोर्ड, निगम और आयोगों के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष/ उपाध्यक्ष (डिप्टी चेयरमैन), प्रधान



सलाहकार/राजनीतिक सलाहकार आदि को वर्तमान में प्रदान की गई 'कैबिनेट रैंक' की सुविधा को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है। नोटिफिकेशन में लिखा है कि इसके अतिरिक्त, उनके वेतन/मासिक पारिश्रमिक का 20 प्रतिशत भाग 30-09-2026 तक स्थगित रहेगा।

# समग्र रैंकिंग में हमीरपुर कॉलेज को पहला स्थान

**शिमला, (वेब वार्ता)।**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को उच्च शिक्षा में सुधारों पर आयोजित एक दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सरकारी कॉलेजों की आंतरिक रैंकिंग जारी की। समग्र रैंकिंग में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर ने पहला स्थान हासिल किया, जिसके बाद दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय संजौली और तीसरे स्थान पर राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला रहा। टियर-1 श्रेणी में सरकारी कॉलेज हमीरपुर पहले स्थान पर रहा, संजौली कॉलेज दूसरे और राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

टियर-2 में सरकारी कॉलेज भोरंज पहले स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर सरकारी कॉलेज सरस्वतीनगर शिमला और तीसरे स्थान पर सरकारी कॉलेज सुन्नी रहा। टियर-3 में सरकारी कॉलेज कफोटा ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि डिग्री कॉलेज दालडाघाट दूसरे और सरकारी कॉलेज चैलकोट तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री ने सभी शीर्ष रैंक वाले कॉलेजों को सम्मानित किया और उन्हें एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

# नालागढ़ में दिनदहाड़े फायरिंग, युवक घायल, पीजीआई चंडीगढ़ रेफर



**बरोटीवाला, (वेब वार्ता)।**

नालागढ़ के वार्ड दो में दिन दहाड़े बदमाश ने एक युवक पर गोली दाग दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। गोली से घायल युवक को स्थानीय नालागढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान परिजनों ने इस गोलीकांड के मामले को आपसी रंजिश बताया है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस जानकारी के अनुसार नालागढ़ शहर के वार्ड दो में मंगलवार दोपहर दिन दहाड़े गोलीकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घायल युवक की पहचान आमिर खान पुत्र रोशन निवासी वार्ड दो नालागढ़ के रूप में हुई है। घटना दोपहर करीब 12:00 बजे के आसपास हुई, जब एक युवक ने अचानक आमिर खान पर गोली चला दी। गोली आमिर के दाहिने हाथ में लगी, जबकि उसके कुछ छर्रे पेट में भी जा घुसे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया तेज रफ्तार ट्रक

**कांगड़ा, (वेब वार्ता)।** पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। यह हादसा शाहपुर के समीप छतड़ी में करीब रात 2:00 बजे पेश आया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित है और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई है। रात का समय होने के कारण सड़क पर अन्य वाहनों की आवाजाही कम थी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# बजट सत्र के अगले चरण के लिए 834 प्रश्न आए

## विशेषाधिकार मामलों में देरी पर मुख्य सचिव तलब

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बजट सत्र की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। 13 और बैठकें प्रस्तावित हैं। कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 18 मार्च से बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है।

मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 21 मार्च को बजट पेश किया जाएगा,



जिस पर तीन दिन सामान्य चर्चा और आगे दो दिन कट मोशन पर चर्चा होगी।

30 मार्च को बजट पारित किया जाएगा, जबकि 31 मार्च को प्राइवेट मेंबर डे रहेगा। सदन के लिए अब तक 834 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें 665 तारांकित हैं। नियम 130 के तहत पांच विषय चर्चा के लिए आए हैं और स्थगित प्रश्नों के जवाब भी दिए जाएंगे। अन्य नियमों में भी कई विषय आये हैं।

## हरियाणा कांग्रेस विधायकों की मेहमाननवाजी पर 30 लाख खर्च

**शिमला, (वेब वार्ता)।** राज्यसभा चुनाव के बीच हरियाणा कांग्रेस के विधायकों को हिमाचल लाकर सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया। इस पर करीब 30 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इस दौरान कुफरी, गलू और चायल के आलीशान होटलों में उनके ठहरने और खानपान की विशेष व्यवस्था की गई। विधायकों के साथ सांसद, प्रदेश प्रभारी, पार्टी अध्यक्ष, सहयोगी स्टाफ और सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे, जिससे कुल संख्या करीब 60 लोगों तक पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार विधायकों का ठहराव और भोजन मुख्य रूप से रेडिसन कुफरी और ट्विन टावर गलू में रखा गया। वहीं शनिवार को दोपहर का भोजन आईटीसी तवलीन होटल, चायल में तथा रविवार को दोपहर का भोजन वाइल्ड फ्लावर हॉल में आयोजित किया गया।

# इराक के समुद्र में फंसे 2000 भारतीय



**कुल्लू, (वेब वार्ता)।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इराक के समुद्री क्षेत्र में खड़े जहाजों पर सवार हजारों नाविकों में भय का माहौल है। कुल्लू के कैप्टन रमन कपूर ने वीडियो जारी कर बताया कि करीब 700 जहाजों पर लगभग 20 हजार नाविक फंसे हैं, जिनमें 2000 भारतीय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हालात बेहद संवेदनशील हैं और मिसाइल हमलों के खतरे के चलते नाविक दहशत में हैं। जहाज आगे बढ़ने की स्थिति में नहीं हैं, जिससे सभी समुद्र में ही रुके हुए हैं और हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

# छोटे चीरे से बड़ा इलाज, एम्स बिलासपुर में आधुनिक तकनीक से होगा उपचार

**बिलासपुर, (वेब वार्ता)।**

एम्स बिलासपुर का रेडियोलॉजी विभाग आने वाले महीनों में अपनी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सेवाओं का व्यापक विस्तार करने जा रहा है। संस्थान में जल्द ही अत्याधुनिक बाइप्लेन डीएसए मशीन स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही समर्पित स्ट्रोक इंटरवेंशन सेवाओं की शुरूआत और डीएम इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी है।

इस पहल से मरीजों की देखभाल और अकादमिक प्रशिक्षण दोनों को नई मजबूती मिलेगी। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी चिकित्सा विज्ञान की एक आधुनिक और क्रांतिकारी




शाखा है, जिसमें इमेज-गाइडेड तकनीकों जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड की मदद से शरीर की जटिल बीमारियों का इलाज किया जाता है। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें बड़ी सर्जरी की जरूरत कम पड़ती है। छोटे-छोटे चीरे लगाकर उपचार किया जाता है, जिससे संक्रमण का खतरा कम रहता है और मरीजों को कम दर्द के साथ जल्दी आराम मिलता है।

इन प्रक्रियाओं में मरीजों को अस्पताल में कम समय के लिए भर्ती रहना पड़ता है और वे तेजी से सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। यही कारण है कि आधुनिक चिकित्सा में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी को बेहद प्रभावी और सुरक्षित उपचार पद्धति माना जा रहा है।

## दो बोगियों के साथ कालका से शिमला पहुंचा झरोखा कोच

**शिमला, (वेब वार्ता)।** विश्व धरोहर में शामिल कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर सोमवार को झरोखा कोच का ट्रायल किया गया। यह सफल रहा। ट्रायल में कोच को दो बोगियों के साथ कालका से शिमला तक चलाया गया। कोच रविवार रात करीब 8 बजे शिमला रेलवे स्टेशन पहुंचा। इसके बाद सोमवार सुबह लगभग 10 बजे कोच को वापस कालका के लिए रवाना किया गया। इस दौरान रेलवे अधिकारियों और तकनीकी टीम ने इसका निरीक्षण किया। ट्रायल के दौरान रेलवे की तकनीकी टीम ने ट्रैक की ढलान, तीखे मोड़ों और सुरंगों के बीच कोच के संचालन की जांच की। साथ ही ब्रेकिंग सिस्टम, संतुलन, सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का भी परीक्षण किया।

# मेडिकल विवि की वित्तीय शक्तियां अब सरकार के पास, 3 विधेयक बने कानून

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

लोकभवन ने अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2024, हिमाचल प्रदेश नगर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025 और सरकारी कर्मियों की भर्ती और सेवा की शर्तें संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है। 7 मार्च को राज्यपाल की ओर से दी मंजूरी के बाद सरकार ने इनके कानून बनने की अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं। इसके साथ ही नए प्रावधान लागू हो गए हैं।

नए प्रावधान के अनुसार अब अटल विवि की वित्त समिति की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के वित्त सचिव करेंगे। विवि के कर्मचारियों से जुड़े सभी वित्तीय और सेवा संबंधी मामलों को पहले वित्त समिति के समक्ष रखा जाएगा। इनमें नए पदों का सृजन, पदों को भरना, भर्ती और पदोन्नति नियम बनाना, वेतन और भत्तों में संशोधन शामिल हैं। वित्त समिति सिफारिशें तैयार कर सरकार को भेजेगी, जिसके बाद सरकार अंतिम निर्णय लेगी। अन्य सदस्यों की संरचना और उनका कार्यकाल विवि के नियमों के अनुसार तय होगा।

हिमाचल प्रदेश नगर निगम एक्ट 1994 की कई धाराओं में संशोधन किया गया है। संशोधन के अनुसार अब नगरपालिकाओं के खातों का ऑडिट प्रधान लेखाकार लेखा परीक्षा (ऑडिट) के तकनीकी मार्गदर्शन में राज्य ऑडिट विभाग से किया जाएगा। यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी नगर परिषद के क्षेत्र का हिस्सा नगर निगम घोषित कर दिया जाता है तो मौजूदा सदस्यों के कार्यकाल पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## चार और सरकारी स्कूल सीबीएसई से होंगे संबद्ध सरकार ने दी मंजूरी

**शिमला, (वेब वार्ता)।** प्रदेश सरकार ने राज्य के चार और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध करने की मंजूरी दे दी है। इनमें जिला शिमला का ननखड़ी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जिला मंडी के पांगणा, तेवन और पढ़ार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर तत्काल प्रभाव से इन स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि संबंधित औपचारिकताएं पूरी कर बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त की जाए।

# आउटसोर्स भर्ती पर हलफनामा न देने पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट तल्ख

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से अदालती आदेशों की अवहेलना और स्टाफ नर्सों की आउटसोर्स नियुक्तियों पर हलफनामा दाखिल न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने सरकार की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए 20 हजार का जुमार्ना (एक्सेमप्लेरी कॉस्ट) लगाया है। अदालत ने आदेश दिया कि जुमार्ने की यह राशि आईजीएमसी शिमला के निर्धन रोगी उपचार कोष में जमा की जाए।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि आउटसोर्सिंग के जरिये भर्ती करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। यह कर्मचारियों का शोषण है, क्योंकि उन्हें नियमित कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है। अदालत ने कहा कि यह केवल नियुक्तियों का मामला नहीं है, बल्कि अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) से भी जुड़ा है। आउटसोर्स स्टाफ नर्सों पर विभाग का सीधा अनुशासनात्मक नियंत्रण नहीं होता, जिससे अस्पतालों में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर असर पड़ सकता है।

# मंडी जिले के बगस्याड़ के पास कार खाई में गिरी, 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**थुनाग(मंडी), (वेब वार्ता)।**

सराज विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछली रात जंजैहली थाना क्षेत्र अंतर्गत बगस्याड़ के पास एक और भीषण दुर्घटना हुई, जिसमें नेक राम पुत्र शंकर दास (46 वर्ष), निवासी गांव सुनान मुहाल कांढी, तहसील थुनाग की कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

गाड़ी में केवल नेक राम ही अकेले सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह हादसा क्षेत्र में पहले हुए अमित गौतम वाले हादसे के ठीक बाद हुआ है, जिससे सराज घाटी में शोक की लहर दौड़ गई है। बर्फबारी और फिसलन भरी सड़कों के कारण पहाड़ी इलाकों में वाहन स्किड होने की घटनाएं बढ़ गई हैं।

प्रशासन ने स्थानीय निवासियों और यात्रियों से अपील की है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक यात्रा टालें, वाहनों में चेन लगाकर चलाएं और सतर्क रहें। सराज क्षेत्र की सड़कें इन दिनों अत्यधिक जोखिम भरी बनी हुई हैं।

# शिमला में बारिश के साथ ओलावृष्टि लाहौल से 10 हजार पर्यटक निकाले

**धर्मशाला, (वेब वार्ता)।**

हिमाचल प्रदेश में मौसम के करवट बदलते ही सोमवार को दूसरे दिन भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। शिमला में भी दोपहर बाद तेज बारिश और ओले गिरे। पूरी राजधानी सफेद हो गई। सोमवार को चंबा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और मंडी जिले के कई क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। दोपहर 3 बजे शिमला सहित कई भागों में मौसम बदलने से अंधेरा छा गया और कई क्षेत्रों में रात जैसा नजारा देखने को मिला। मनाली-लेह मार्ग पर 1,500 वाहनों में फंसे लगभग 10 हजार सैलानी समेत स्थानीय लोग रोहतांग टनल होकर सुरक्षित निकाल लिए गए हैं।

रविवार को रातभर ठंड के बीच लोगों को गाड़ियों में ही रहना पड़ा। कुल्लू जिले में सोमवार को दूसरे दिन भी दोपहर बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। रोहतांग, कुंजम, जलोड़ी, बारालाचा और शिंकुला दर्रा सहित अटल टनल रोहतांग, सोलंगनाला के साथ पूरी लाहौल घाटी में बर्फबारी हुई। सोलंग बैरियर से लाहौल के लिए सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। मनाली में भी हल्की बर्फबारी हुई।

# कायनेटिक एनर्जी से जलेंगी ट्रैफिक लाइटें, लोड के अनुसार चलेंगी



**हमीरपुर, (वेब वार्ता)।**

ट्रैफिक लाइटें पारंपरिक बिजली की बजाय कायनेटिक एनर्जी से संचालित होंगी। इस प्रणाली में वाहनों के दबाव और यातायात लोड के आधार पर सिग्नल की टाइमिंग स्वतः तय होगी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में इस प्रकार का मॉडल पेश किया गया। संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स कल्चर की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन इलैक्ट्रोथॉन 8.0 का सोमवार को मुख्य सभागार में समापन हुआ।

तीन दिवसीय इस तकनीकी महाकुंभ में देशभर से आए 550 युवा प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु अत्याधुनिक तकनीक आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) कोटा की अर्बन प्लस टीम इलैक्ट्रोथॉन की विजेता रही। टीम के आयुष ठाकुर, वैभव, लक्ष्य और विपुल ने ऐसा अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें ट्रैफिक लाइट्स को पारंपरिक बिजली की बजाय कायनेटिक एनर्जी से संचालित करने का आइडिया पेश किया।

# केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि संकट कम करने के लिए प्रतिबद्ध: सुरेश कश्यप

**शिमला, (वेब वार्ता)।**

भाजपा लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में हिमाचल प्रदेश में कृषि संकट और किसानों की स्थिति से जुड़े मुद्दे को उठाने पर केंद्र सरकार ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से दिए गए उत्तर में बताया गया कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक आपदाओं से राहत देने और कृषि को सुदृढ़ बनाने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहायता प्रदान कर रही है।



सांसद सुरेश कश्यप ने अपने प्रश्न के माध्यम से सरकार से यह जानकारी मांगी थी कि क्या हिमाचल प्रदेश, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा, ओलावृष्टि और जंगली जानवरों के कारण फसलों को होने वाले नुकसान से किसान प्रभावित हो रहे हैं तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की ओर से दिए गए लिखित उत्तर में बताया गया कि हिमाचल प्रदेश में अनियमित वर्षा, ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को नुकसान होने की संभावना रहती है। ऐसी परिस्थितियों में राहत उपलब्ध कराने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है, जबकि केंद्र सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को सहयोग प्रदान करती है।

केंद्र सरकार के अनुसार शिमला संसदीय क्षेत्र में लगभग 2,06,563 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की जाती है, जबकि इस क्षेत्र में खेती करने वाले किसानों की संख्या 2,60,515 है। इस क्षेत्र में प्रमुख फसलों में मक्का (49,456 हेक्टेयर), गेहूं (50,277 हेक्टेयर), धान (9,933 हेक्टेयर), जौ (4,385 हेक्टेयर), आलू (7,500 हेक्टेयर) और सब्जियां (41,597.5 हेक्टेयर) शामिल हैं।

प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष और राज्य आपदा मोचन कोष के माध्यम से सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग और बलिदान देश की अमूल्य धरोहर: मुख्यमंत्री



**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को 23 मार्च को बेमेतरा जिले में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान देश के इतिहास में अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। यह केवल कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को देशभक्ति, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने का भी सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, संस्था के अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, डॉ. शिवेन्द्र त्रिपाठी, ललित मिश्रा, विनायक दीवान सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विष्णुदेव साय ने विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**रायपुर, (वेब वार्ता)।**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिविर में स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों में कमी आने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने से व्यक्ति समय रहते जागरूक रहकर आवश्यक सावधानी अपनाते हुए गंभीर बीमारियों से बचाव कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध राज्य की नींव होते हैं।

## दुर्घटना पीड़ितों को अब कैशलेस इलाज, 1.5 लाख तक मुफ्त उपचार

**सूरजपुर, (वेब वार्ता)।**

सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को त्वरित और निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना लागू करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपील देव पैंकरा के निर्देशन में एक दिवसीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई।

बैठक में बताया गया कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को अधिकतम सात दिनों तक या 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान मरीज या उसके परिजनों से किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी।

योजना के तहत राज्य के सभी मान्यता प्राप्त शासकीय एवं निजी अस्पतालों में दुर्घटना पीड़ितों का उपचार किया जा सकेगा। कार्यशाला में अस्पतालों को उपचार प्रक्रिया, क्लेम सबमिशन, डीएआर/आईटी पोर्टल में पंजीयन और संचालन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## सूरजपुर में शिशु संरक्षण माह की शुरूआत, 21 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**सूरजपुर, (वेब वार्ता)।**



बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण से मुक्ति के लक्ष्य को लेकर जिला चिकित्सालय सूरजपुर में आज मंगलवार को शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ यह अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शिशुओं को आवश्यक पोषण, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सुरक्षित बचपन की नींव मजबूत करना है।

उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने माताओं को संबोधित करते हुए शिशु के शुरूआती वर्षों में संतुलित आहार, स्तनपान और समय पर टीकाकरण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन के पहले पांच वर्ष बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, ऐसे में लापरवाही भविष्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को रतौंधी सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। इसके साथ ही एनीमिया से बचाव के लिए आयरन और फोलिक एसिड (आईएफए) सप्लीमेंट का वितरण किया जाएगा। जिन बच्चों का नियमित टीकाकरण छूट गया है, उनकी पहचान कर उन्हें अभियान के दौरान टीके लगाए जाएंगे।

स्वास्थ्य टीम द्वारा बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर कुपोषण की स्थिति का आकलन भी किया जाएगा। गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जाएगा।

### ओपन परीक्षा में नकल का एक मामला दर्ज, 992 परीक्षार्थी हुए शामिल

**सूरजपुर, (वेब वार्ता)।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 की शुरूआत आज मंगलवार को कक्षा 12वीं के हिन्दी विषय से हुई। जिले में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहां शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। आज की परीक्षा में पंजीकृत 1086 परीक्षार्थियों में से 992 उपस्थित रहे, जबकि 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। परीक्षा के दौरान जिले में गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भैयाथान विकासखंड के उड़नदस्ता दल द्वारा एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया।

## मतदाता सूची से नाम विलोपन पर कांग्रेस ने लगाया साजिश का आरोप

**बलरामपुर, (वेब वार्ता)।**

मतदाता सूची से नाम विलोपन को लेकर रामानुजगंज में सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर सुनियोजित तरीके से वर्ग विशेष और कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष मधु गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद किया जा चुका है और राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध करा दी गई है। इसके बावजूद भाजपा कार्यकताओं द्वारा प्रारूप-7 के माध्यम से बड़ी संख्या में नाम विलोपन के आवेदन सुनियोजित तरीके से जमा कराए गए हैं, जो संदेहास्पद है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि, कई मामलों में ऐसे लोगों के नाम से आवेदन दिए गए हैं, जिन्होंने स्वयं किसी प्रकार का आवेदन नहीं किया। वहीं कुछ स्थानों पर ऐसे व्यक्तियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं, जो संबंधित मतदान केंद्र के निवासी ही नहीं हैं। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ बताते हुए ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# अबूझमाड़ के दिवालूर में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित

**नारायणपुर, (वेब वार्ता)।**




जिले के अबूझमाड़ के दुर्गम और वर्षों तक नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने माने जाने वाले दिवालूर में सुरक्षाबलों एवं नारायणपुर पुलिस ने आज मंगलवार को इस बीहड़ पहाड़ी इलाके में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि दिवालूर वही इलाका है, जहां सुरक्षाबलों ने कुख्यात माओवादी नेता बसवा राजू सहित कई बड़े नक्सलियों को ढेर किया था। अब इसी क्षेत्र में स्थायी कैंप की स्थापना को नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में संचालित 'माड़ बचाओ अभियान' के तहत थाना ओरछा क्षेत्र के ग्राम दिवालूर में यह कैंप स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूती देने के साथ-साथ कांदुलनार-ओरछा-एडजुम-इडवाया-आदेर-कुडमेल-बोटेर-दिवालूर-कुमनार मार्ग पर सड़क निर्माण और विकास कार्यों को सुरक्षा प्रदान करना है। जिला मुख्यालय से करीब 96 किलोमीटर दूर एवं ओरछा थाना से 36 किलोमीटर दूर में स्थित यह कैंप अब आस-पास के गांवों के लिए सुरक्षा का नया केंद्र बन गया है।

## सूरजपुर में हाथी की मौत पर केंद्र सख्त, रिपोर्ट तलब

**सूरजपुर, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में खेत में मिले 15 वर्षीय हाथी की मौत का मामला अब केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। वन्यजीव एक्टिविस्ट की शिकायत के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। घटना ने एक बार फिर सरगुजा संभाग में हाथियों की लगातार हो रही मौतों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूरजपुर जिले के करंजवार गांव में 13 मार्च को एक खेत में 15 साल के हाथी का शव मिलने के मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। इस घटना को लेकर केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (प्रोजेक्ट एलीफेंट डिवीजन) ने राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

मंत्रालय ने प्रमुख मुख्य वन संरक्षक को पत्र जारी कर जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई वन्यजीव एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत के बाद की गई है।

जानकारी के अनुसार 13 मार्च को सुबह गांव से करीब 200 मीटर दूर एक खेत में हाथी का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में हाथी की सूंड पर काले निशान पाए गए हैं, जिससे करंट लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अब तक मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# बलौदाबाजार : देवपुर नेचर कैंप में फोटोग्राफी कार्यशाला 18 व 19 मार्च को

**बलौदाबाजार, (वेब वार्ता)।**



बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत देवपुर नेचर कैंप में 18 व 19 मार्च 2026 को वाइल्ड लाइफ एंड नेचर फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वन विभाग के कर्मचारियों एवं युवाओं को प्रकृति, वन्यजीव तथा आउटडोर फोटोग्राफी के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना है।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने जानकारी देते हुए बताया कि, कार्यशाला में अनुभवी फोटोग्राफर एवं प्रशिक्षक ऋषि माणिक दास, डॉ. राहुल शाक्य तथा सुबनारुण बराल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन प्राकृतिक वातावरण में किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को फील्ड में सीधे अभ्यास के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त होगा।

इस प्रशिक्षण में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों से वनकर्मी शामिल होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण के पश्चात अपने-अपने परिक्षेत्रों में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही युवान वॉलेंटियर्स भी इस कार्यशाला में शामिल होंगे जिससे युवा प्रकृति, वन्यजीव एवं जैव विविधता के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकें।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की मूल अवधारणाएं, कैमरा एवं लेंस का उपयोग, मोबाइल फोटोग्राफी की तकनीकें,डीएसएलआर और मिररलेस कैमरों के आधारभूत सिद्धांत, एक्सपोजर ट्रायंगल, फोकस एवं कैमरा हैंडलिंग जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

## दुर्ग के थाना छावनी क्षेत्र में दो समुदायों में हिंसक झड़प के बाद से तनाव

**दुर्ग, (वेब वार्ता)।**

दुर्ग जिले के भिलाई के थाना छावनी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच के बीच सोमवार देर रात दो समुदायों में हिंसक झड़प के बाद से तनाव है। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है । दुर्ग, भिलाई, छावनी के सीएसपी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिटी और ग्रामीण भी देर रात तक मौजूद रहे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, विवाद की शुरूआत दो बच्चों के बीच हुई कहासुनी से हुई थी।

दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिशंकर ने बताया है कि भिलाई में सोमवार देर शाम थाना छावनी के अंतर्गत सोनकर मोहल्ले में दो पक्षों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर पथराव करने लग गए। जिसके बाद छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बीच बचाव के दौरान छावनी थाना सीएसपी घायल हो गए। कई लोगों को चोट लगी है। शांति व्यवस्था लगाने पुलिस बल तैनात है। चंद्रा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि विवाद की शुरूआत शारदापारा इलाके में बच्चों के बीच हुए एक मामूली झगड़े से हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पत्थरबाजी होने लगी।

## धमतरी में रामनवमी की तैयारियां शुरू मंत्रोच्चार के साथ श्री राम रथ की पूजा

**धमतरी, (वेब वार्ता)।**



सोमवार देर शाम अचानक बदले मौसम ने पूरे धमतरी अंचल में व्यापक असर डाला। तेज आंधी, बारिश और झोंकों के कारण जहां एक ओर खेतों में तैयार फसलों को नुकसान पहुंचा, वहीं सड़क किनारे लगे विद्युत पोल और टीन शेड भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्राम मुजगहन बायपास मार्ग पर स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई है, जहां दो से तीन विद्युत पोल सड़क के आधे हिस्से तक गिर गए हैं, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया है कि तेज हवा के चलते ये पोल असंतुलित होकर सड़क पर आ गिरे, जिससे मार्ग संकरा हो गया है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, ऐसे में जरा सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। स्कूल, कॉलेज और अन्य कामकाज के लिए ग्रामीण क्षेत्र से आने-जाने वाले लोग इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। साथ ही रायपुर जाने वाले वाहन चालक भी बायपास पकड़ने के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं। ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर काफी चिंता है।

### आमा डोंगरी स्कूल की शिक्षिका ने 70 बच्चों को स्कूल बैग का किया वितरण

**जगदलपुर, (वेब वार्ता)।** बस्तर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमा डोंगरी, संकुल जमावाड़ा में आज मंगलवार को 70 बच्चों को स्कूल बैग तथा छोटे-छोटे उपहार का वितरण किया गया ' स्कूल के अन्य शिक्षक व शिक्षिकाओं ने वसुधा जैन को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाडोंगरी में अधिकांश बच्चों के पास किसी तरह का स्कूली बैग नहीं था, सारे बच्चे बैग के अभाव में झिल्लियों में कापी पुस्तक रखकर स्कूल आते थे, जो देखने में भी अच्छा प्रतीत नहीं होता था।

## जिले में शिशु संरक्षण माह 2026 का हुआ शुभारंभ

**धमतरी, (वेब वार्ता)।**

जिले में शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिशु संरक्षण माह 2026 का शुभारंभ मंगलवार को जिला अस्पताल धमतरी में किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. अरुण टंडन, डॉ. आदित्य सिन्हा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी. दीवान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रिया कंवर और हॉस्पिटल कंसल्टेंट गिरिश कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शिशु संरक्षण माह का मुख्य उद्देश्य नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखना है। इसके लिए समय पर टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं बेहद जरूरी हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण कराएं और शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह विशेष अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा।

## अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे की दिल से चिपका दुर्लभ कैंसर निकाला, बना विश्व कीर्तिमान




**रायपुर, (वेब वार्ता)।**

पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जटिल और असंभव माने जाने वाले ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संभव बनाया है। विभाग की टीम ने 11 वर्ष के एक बच्चे के हृदय से चिपके अत्यंत दुर्लभ स्टेज-3 इनवेसिव थायमिक कैंसर (टाइप-बी थायमोमा) का सफल ऑपरेशन कर विश्व स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इसमें खास बात यह है कि अब तक मेडिकल जर्नल में इस प्रकार के कैंसर का सबसे कम उम्र का मरीज 12 वर्ष का दर्ज है, जबकि राज्य में 11 साल के बच्चे में यह बीमारी पाई गई और उसका सफल ऑपरेशन भी किया गया। अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम द्वारा यह जटिल सर्जरी की गई।

ऑपरेशन के छह माह बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और इस वर्ष उसने पुनः स्कूल जाना शुरू कर कक्षा छठवीं की परीक्षा भी दी है। डॉक्टरों के अनुसार यह ट्यूमर सामान्यतः 40 से 60 वर्ष के लोगों में पाया जाता है और बच्चों में इसका मिलना अत्यंत दुर्लभ है।

### निर्माण श्रमिक पंजीयन में अनियमितता: जांजगीर-चांपा के श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम निलंबित

**जांजगीर-चांपा, (वेब वार्ता)।** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े प्रकरण में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर जांजगीर-चांपा जिले के श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले में विभागीय जांच भी संस्थित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने 2 मार्च 2026 को कलेक्टर जांजगीर-चांपा को शिकायत भेजी थी। इसके बाद इस मुद्दे को क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर साहू ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया।

# सरगुजा में गैस संकट गहराया: दोगुनी बुकिंग से बढ़ी किल्लत, होटलों में लकड़ी चूल्हे का सहारा

**अंबिकापुर, (वेब वार्ता)।**

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर हालात अब भी सामान्य नहीं हो सके हैं। एजेंसियों में लंबी कतारें भले कम हुई हों, लेकिन दोगुनी बुकिंग और सीमित सप्लाई के कारण उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर होटल कारोबार पर पड़ा है, जहां अब लकड़ी के चूल्हे और डीजल भट्ठों का सहारा लिया जा रहा है।



सरगुजा जिले में इन दिनों गैस सिलेंडरों की किल्लत ने उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों की परेशानी बढ़ा दी है। घरेलू गैस के लिए एजेंसियों में भीड़ पहले की तुलना में कुछ कम जरूर हुई है, लेकिन वास्तविक स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, एजेंसियों में बुकिंग की संख्या सामान्य से लगभग दोगुनी हो गई है। इस वजह से डिलीवरी सिस्टम पूरी तरह दबाव में है और उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिलने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कई मामलों में डिलीवरी का समय 100 दिन से भी अधिक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

राजा गैस एजेंसी समेत कई एजेंसियों ने लंबित डिलीवरी को प्राथमिकता देते हुए 10 मार्च से पहले की बुकिंग पर ही पर्ची जारी करने का निर्णय लिया है।

# बैडमिंटन में भारत का परचम लहराने वाली महिला चैंपियन

## ओलंपिक पदक जीत बनीं करोड़ों की प्रेरणा

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल आज अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। अपने शानदार खेल और ऐतिहासिक उपलब्धियों के दम पर उन्होंने बैडमिंटन की दुनिया में भारत का नाम ऊंचा किया है। साइना उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय बैडमिंटन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई।

साइना नेहवाल का जन्म 17 मार्च 1990 को हरियाणा के हिसार में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेलों में रुचि थी और उन्होंने कम उम्र में ही बैडमिंटन को अपना करियर बनाने का फैसला कर लिया था। कड़ी मेहनत और लगातार अभ्यास की बदौलत साइना ने जल्दी ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली। धीरे-धीरे वह भारतीय बैडमिंटन की सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल हो गईं और देश को कई बड़े टूर्नामेंट में यादगार जीत दिलाई।

साइना नेहवाल ने साल 2012 के लंदन ओलंपिक में इतिहास रचते हुए भारत को बैडमिंटन में पहला ओलंपिक मेडल दिलाया। उन्होंने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पूरे देश को गर्व महसूस कराया।

यह उपलब्धि इसलिए भी खास थी क्योंकि इससे पहले किसी भी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने ओलंपिक में पदक नहीं जीता था। साइना की इस जीत ने भारत में बैडमिंटन को नई लोकप्रियता दिलाई और युवा खिलाड़ियों को इस खेल की ओर आकर्षित किया। साल 2009 में साइना ने एक और बड़ा कारनामा किया था। उन्होंने इंडोनेशिया ओपन सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

### न्यूजीलैंड बनाम साउथ अफ्रीका: टी20 सीरीज से बाहर हुए जॉर्डन हरमन

**हैमिल्टन, (वेब वार्ता)।** साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हरमन हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके चलते अब वह बचे हुए 4 टी20 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मैच में ही जॉर्डन हरमन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। इस मुकाबले में फील्डिंग करते हुए हरमन चोटिल हो गए थे और मुकाबले में आगे हिस्सा ले सके थे। हरमन के स्कैन में ग्रेड टू टियर की पुष्टि हुई है।

जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाकी मैच से दाईं हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

# एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 की मेजबानी के लिए मिली हरी झंडी

**बेंगलुरु, (वेब वार्ता)।**



कर्नाटक सरकार ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आगामी आईपीएल मैचों के आयोजन की औपचारिक अनुमति दे दी है।

पिछले साल आरसीबी के खिताबी जश्न के दौरान हुई दुखद भगदड़ की घटना के बाद से यहां मैचों की मेजबानी को लेकर संशय बना हुआ था। गृह मंत्री जी. परमेश्वर की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने स्टेडियम की सुरक्षा तैयारियों और नए सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने के बाद यह क्लीन चिट दी है, जिससे बेंगलुरु के क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है, जिसमें मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगी। आरसीबी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि टीम अपने सात घरेलू मैचों में से पांच मैच बेंगलुरु में खेलेगी, जबकि दो मैचों की मेजबानी रायपुर को सौंपी गई है।

केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय के अनुसार, विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू कर दिया गया है ताकि दर्शकों को एक सुरक्षित और विश्व स्तरीय अनुभव मिल सके।

28 मार्च को होने वाले इस हाई-वोल्टेज उद्घाटन मैच के लिए स्टेडियम में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। जारी किए गए पहले फेज के कार्यक्रम के अनुसार, बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम 28 मार्च और 5 अप्रैल को बड़े मैचों की मेजबानी करेगा।

# आईपीएल 2026 के लिए डिजिटल हुई गुजरात टाइटन्स

**अहमदाबाद, (वेब वार्ता)।**



प्रशंसकों को सबसे पहले रखते हुए और टिकट उनकी उंगलियों पर उपलब्ध कराते हुए, गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सभी घरेलू मैचों के लिए एक डिजिटल टिकटिंग मॉडल पेश किया है। टिकटों की बिक्री अब विशेष रूप से बुक माई शो (जो फ्रेंचाइजी का आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है) और टाइटंस एफएएम ऐप पर शुरू हो गई है।

यह कदम, जो परिचालन की दूरदर्शिता और प्रशंसकों के बदलते व्यवहार को दशार्ता है, सुरक्षित क्यूआर-आधारित एम -टिकट्स पेश करके फिजिकल टिकटों की आवश्यकता को कम करेगा; ये टिकट सीधे प्रशंसकों के स्मार्टफोन पर भेजे जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में, जहाँ अक्सर दर्शकों की संख्या लाखों में पहुँच जाती है, इस बदलाव से दर्शकों के लिए एक अधिक सुगम और कुशल अनुभव सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

केवल 1,000 रुपये से शुरू होकर, सामान्य स्टैंड के टिकटों की कीमतें 3,000 रुपये तक हैं। जो प्रशंसक मैच के दिन अधिक प्रीमियम अनुभव चाहते हैं, उनके लिए प्रेसिडेंट गैलरी की सीटों की कीमत 10,000 से 12,000 रुपये के बीच है, जबकि प्रीमियम सूट्स और प्रेसिडेंशियल सूट्स क्रमशः 18,000 और 25,000 रुपये में उपलब्ध हैं।

# सुनील गावस्कर ने सनराइजर्स को किया सावधान

## पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरीदने पर दिया ये बड़ा बयान

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



आईपीएल 2026 से पहले नया विवाद सामने आया है। पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में सनराइजर्स टीम ने साइन किया, जिसके बाद बहस तेज हो गई है।

आईपीएल 2026 की शुरूआत से पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद की फ्रैंचाइजी एक नए विवाद में घिरती नजर आ रही है। इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड के ऑक्शन में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को साइन किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। इस मामले पर अब पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और फ्रैंचाइजी मालिकों को इस फैसले को लेकर सावधान रहने की सलाह दी है।

दरअसल, द हंड्रेड लीग के हालिया ऑक्शन में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम में शामिल किया। इस टीम की मालिकाना कंपनी वही है, जो आईपीएल फ्रैंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद को भी संचालित करती है। टीम की प्रमुख काव्या मारन हैं।

अबरार अहमद को टीम में शामिल किए जाने के बाद भारतीय क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करनी शुरू कर दी। कई फैंस ने काव्या मारन और सनराइजर्स हैदराबाद फ्रैंचाइजी को ट्रोल भी किया।

इसी बीच इस पूरे मामले पर सुनील गावस्कर का बयान सामने आया है, जिसने बहस को और तेज कर दिया है। सुनील गावस्कर ने अपने एक कॉलम में लिखा कि 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों के बाद से भारतीय क्रिकेट फ्रैंचाइजी आमतौर पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने से बचती रही हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी को भुगतान किया जाता है और वह अपने देश में टैक्स देता है, तो वह पैसा अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी गतिविधियों में भी जा सकता है जो भारत के लिए खतरा बन सकती हैं।

गावस्कर का कहना था कि भले ही यह सौदा किसी विदेशी लीग के जरिए हुआ हो, लेकिन अगर फ्रैंचाइजी के मालिक भारतीय हैं तो यह फैसला संवेदनशील माना जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार सनराइजर्स लीड्स ने द हंड्रेड के ऑक्शन में अबरार अहमद को 1.90 लाख पाउंड में खरीदा है। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

# राजस्थान रॉयल्स टीम की बेहतरी के लिए देंगे अपना सर्वश्रेष्ठ:जड़ेजा

**जयपुर, (वेब वार्ता)।**



ऑलराउंडर रविन्द्र जड़ेजा ने सोमवार को कहा कि वह आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स टीम को मजबूती एवं टीम की बेहतरी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करेंगे।

जड़ेजा आज यहां आगामी आईपीएल से पहले राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी लॉन्च के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान रॉयल्स से फिर जुड़कर बेहद खुश एवं उत्साहित है और वह बेहद युवा खिलाड़ियों के साथ खेल रहे है। ऐसे वह एक वरिष्ठ खिलाड़ी के तौर पर यह काफी रोमांचक होने वाला है।

उन्होंने कहा कि इस बार उन्हें कई युवा और नए खिलाड़ियों को जानने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने कहा 17 वर्ष पहले वह राजस्थान रॉयल्स के लिए पहली बार खेले थे और अब वापस इससे जुड़कर उन्हें बेहद खुशी हो रही और उनके लिए यह आगे चलकर एक सीखने वाला अनुभव होने वाला है। उन्होंने कहा कि उनके पास अनुभव हैं और वह टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रुप में टीम की बेहतरी के लिए अपनी राय और सुझाव देने में अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करेंगे और टीम और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए जो भी जरुरी होगा वह उसे करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी को हमेशा टीम के लिए अधिक जिम्मेदारी उठानी पड़ती है और वह टीम के लिए जो भी योगदान देता हैं, वह सबसे अच्छा होता है और जो कुछ भी करते हो, वह हमेशा बेहतरीन होता है।

# देवजीत सैकिया ने नमन अवॉड्र्स विजेताओं को दी बधाई

## आपका प्रदर्शन लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार को बीसीसीआई नमन अवॉड्र्स के सभी विजेताओं को बधाई दी। सैकिया ने कहा है कि इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन, समर्पण और जुनून लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है।

देवजीत सैकिया ने इन खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीसीसीआई नमन अवॉड्र्स के सभी विजेताओं को बधाई। आपका प्रदर्शन, समर्पण और जुनून भारतीय क्रिकेट के स्तर को लगातार ऊपर उठा रहा है और लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है।

सभी अवॉर्ड पाने वालों को और अधिक सफलता की कामना, ताकि वे भारतीय क्रिकेट को और भी ऊंचाइयों पर ले जा सकें। बीसीसीआई सेक्रेटरी ने पोस्ट के साथ समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, बीती शाम भारतीय क्रिकेट की सफलता और गौरव का जश्न मनाया। बीसीसीआई ने बीसीसीआई नमन अवॉड्र्स 2026 में भारतीय क्रिकेट की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाया।

इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और आयु-वर्ग क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन हस्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में लंबा और महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट में उनके लंबे योगदान के लिए प्रतिष्ठित कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला। वहीं, भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज को देश में महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनके अहम योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया।

अन्य अवॉर्ड विजेताओं में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल शामिल थे, जिन्हें 2024-25 सीजन के लिए पॉली उमरीगर अवॉर्ड मिला। स्मृति मंधाना को पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और हाल ही में अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान आयुष म्हात्रे को 2024-25 के घरेलू सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड मिले।

# भारत की मौजूदा टीम व्हाइट बॉल क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ टीम: रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत की मौजूदा टीम को अब तक की सबसे बेहतरीन व्हाइट बॉल टीम बताया है। भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर टी20 वर्ल्ड कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीता। भारतीय टीम लगातार दो बार टी20 विश्व कप जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बनी।

पोंटिंग ने कहा कि टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जैसे आईसीसी इवेंट्स में भारत की जीत का सिलसिला जारी रहा, जो टी20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ आकर टूटा। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि टीम में कितनी जबरदस्त निरंतरता है, जिसकी बराबरी आज के दौर में कोई दूसरी टीम नहीं कर पाई है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर कहा, इस बात के खिलाफ तर्क देना सच में बहुत मुश्किल है।

अगर आप देखें, तो सिर्फ टी20 इंटरनेशनल टीम ही नहीं, बल्कि पिछले पांच-छह वर्षों में आईसीसी इवेंट्स में भारतीय टीम का व्हाइट-बॉल रिकॉर्ड भी काफी शानदार रहा है। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले ही शायद बहुत से लोगों ने यह पहचान लिया था कि मौजूदा भारतीय टीम में कितनी गहराई और ताकत है। इसके साथ ही उनके पास कितना अनुभव है। यह सिर्फ टी20 नहीं, बल्कि एक बहुत ही मजबूत भारतीय व्हाइट बॉल टीम है। लगातार दो वर्ल्ड कप जीतने के लिए उन्हें मेरा सलाम।

# आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़े शुभमन गिल

**अहमदाबाद, (वेब वार्ता)।**



आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं।

आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी। गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी।

आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है। विश्व कप विजेता और अपने दौर के सबसे जबरदस्त सलामी बल्लेबाजों में से एक, हेडन शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर और आधुनिक टी20 बैटिंग की बारीकियों में अपनी विशेषज्ञता के साथ टाइटन्स के सेटअप में शामिल हुए हैं।

वह फ्रेंचाइजी के सपोर्ट स्टाफ को और मजबूती प्रदान करेंगे, क्योंकि टीम 2026 सीजन के लिए नए जोश के साथ तैयारियों में जुटी हुई है। आईपीएल 2025 में शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने एलिमिनेटर तक का सफर तय किया था। हालांकि, एलिमिनेटर मुकाबले में टीम को मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन का प्रदर्शन बल्ले से शानदार रहा था। सुदर्शन टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे।

### चैंपियंस लीग: मैड्रिड के लिए खुशखबरी, 2 दिग्गजों की वापसी

**मैड्रिड, (वेब वार्ता)।** 15 बार की यूईएफए चैंपियंस लीग विजेता, रियल मैड्रिड को 2023 की चैंपियन मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित राउंड ऑफ 16 के दूसरे लेग के मुकाबले से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के शीर्ष गोल-स्कोरर, कीलियन एम्बाप्पे और जूड बेलिंगहम फिट हो गए हैं, जिसकी पुष्टि कोच अल्वारो अबेर्लोआ ने की है। ये खिलाड़ी मैनचेस्टर के एतिहाद स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाले मैच के लिए 26 सदस्यीय टीम में शामिल किए गए हैं। पिछले हफ्ते सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए पहले लेग के बाद, मैड्रिड की टीम मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ इस मैच में 3-0 की बढ़त के साथ उतर रही है, जहां फेडेरिको वाल्वरडे ने पहले हाफ में ही हैट्रिक लगाई थी। चोट के कारण उस मैच में एम्बाप्पे और बेलिंगहम नहीं खेल पाए थे। लेफ्ट-बैक अल्वारो कैरेरास और सेंट्रल डिफेंडर डेविड अलाबा भी पिंडली की समस्या के कारण वह मैच नहीं खेल पाए थे।

# पाकिस्तान की हार ने बांग्लादेश के लिए खोला वर्ल्ड कप का रास्ता

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



वनडे विश्व कप 2027 की तैयारियां धीरे-धीरे तेज हो रही हैं। टी20 विश्व कप 2026 के बाद आईसीसी का यह अगला बड़ा टूर्नामेंट होगा, जो अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कौन-कौन सी टीमें हिस्सा लेंगी, इसकी तस्वीर अब धीरे-धीरे साफ होने लगी है। इसी बीच बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच खेली गई हालिया वनडे सीरीज ने वेस्टइंडीज की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब सवाल यह है कि क्या वेस्टइंडीज सीधे विश्व कप में जगह बना पाएगी या उसे क्वालीफायर खेलना पड़ेगा।

हाल ही में पाकिस्तान की टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने बांग्लादेश पहुंची थी। इस सीरीज में बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। पहला मुकाबला जीतकर बांग्लादेश ने बढ़त बनाई, जबकि दूसरे मैच में पाकिस्तान ने वापसी की। हालांकि तीसरे और निर्णायक मुकाबले में बांग्लादेश ने रोमांचक जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली। इस जीत का असर आईसीसी वनडे रैंकिंग पर भी पड़ा है। सीरीज से पहले बांग्लादेश की टीम रैंकिंग में दसवें स्थान पर थी, लेकिन जीत के बाद वह नौवें स्थान पर पहुंच गई।

वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम एक पायदान नीचे खिसककर दसवें स्थान पर पहुंच गई है। हालांकि आधिकारिक रैंकिंग अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन उपलब्ध आंकड़े इसी बदलाव की ओर इशारा कर रहे हैं। वनडे विश्व कप 2027 का आयोजन दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होना है।

चूंकि दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे मेजबान देश हैं, इसलिए उन्हें सीधे टूर्नामेंट में जगह मिल चुकी है। इसके अलावा आठ टीमें आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर सीधे विश्व कप में पहुंचेंगी। यानी जो टीमें कटऑफ समय तक रैंकिंग में शीर्ष आठ में रहेंगी, वे बिना क्वालीफायर खेले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

# बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच वनडे और टी20 सीरीज का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**



आईपीएल 2026 के शुरू होने के साथ ही दुनियाभर में क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहेगा। एक तरफ इंडियन प्रीमियर लीग का नया सीजन 28 मार्च से शुरू होगा, तो दूसरी ओर इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी जारी रहेगा। इसी क्रम में न्यूजीलैंड की टीम अप्रैल में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी।

इस दौरे पर दोनों टीमों के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज का पूरा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। यह दौरा 17 अप्रैल से शुरू होकर 2 मई तक चलेगा। दिलचस्प बात यह है कि इस सीरीज के कई मुकाबले आईपीएल 2026 और पाकिस्तान सुपर लीग के मैचों के साथ ही खेले जाएंगे। इस बार आईपीएल में बांग्लादेश का कोई खिलाड़ी हिस्सा नहीं ले रहा है।

ऐसे में मेजबान टीम के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पूरी ताकत के साथ उतरने का अच्छा मौका होगा। हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को वनडे सीरीज में 2-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया था। अब टीम का लक्ष्य घरेलू मैदान पर एक और बड़ी सीरीज जीत दर्ज करना होगा। घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी मजबूत प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम के कई खिलाड़ी आईपीएल में खेलते हैं। कीवी बोर्ड आमतौर पर अपने खिलाड़ियों को विभिन्न टी20 लीग में खेलने की अनुमति देता है। ऐसे में संभावना है कि इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाए जो किसी टी20 लीग के अनुबंध में नहीं हैं या आईपीएल में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। इस दौरे की शुरूआत 17 अप्रैल से वनडे सीरीज के साथ होगी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे के मुकाबले ढाका और चटगांव में आयोजित किए जाएंगे।

**महिला टीम भी खेलेगी सीरीज**

इस बीच बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम से जुड़ी भी बड़ी खबर सामने आई है। महिला टीम श्रीलंका की मेजबानी करेगी और दोनों टीमों के बीच भी 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के मुकाबले राजशाही डिविजनल स्टेडियम में 20, 22 और 25 अप्रैल को आयोजित होंगे। इसके बाद टी20 सीरीज के तीनों मैच सिलहट में खेले जाएंगे। यह मुकाबले 28 अप्रैल, 30 अप्रैल और 2 मई को आयोजित किए जाएंगे। इस तरह अप्रैल और मई के महीने में बांग्लादेश में पुरुष और महिला दोनों टीमों के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा।

# कब है चैत्र वासुदेव विनायक चतुर्थी?



**हिंदू** धर्म में वासुदेव चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश को समर्पित एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। यह व्रत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इसे चैत्र विनायक चतुर्थी और मनोरथ चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग विधि-विधान से गणेश जी की पूजा करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। आइए विस्तार से जानते हैं साल 2026 में यह व्रत कब रखा जाएगा, इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त क्या हैं और कौन से विशेष योग बन रहे हैं।

दृक पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि 21 मार्च 2026 को रात 11:56 बजे से शुरू होगी और 22 मार्च 2026 को रात 9:16 बजे तक रहेगी। सनातन परंपरा में उदया तिथि को महत्व दिया जाता है, इसलिए वासुदेव चतुर्थी का व्रत 22 मार्च 2026 को रखा जाएगा। इस दिन भगवान गणेश की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है।

इस वर्ष वासुदेव चतुर्थी पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दिन रवि योग और भद्रावास योग का विशेष महत्व रहने वाला है। रवि योग रात 10:42 बजे तक प्रभावी रहेगा, जबकि भद्रावास योग सुबह 10:36 बजे से शुरू होकर रात 9:16 बजे तक रहेगा। इन योगों में भगवान गणेश की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है और इससे सकारात्मक फल प्राप्त हो सकते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को रखने और गणेश जी की पूजा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सभी कार्यों में सफलता मिलती है। यह व्रत ज्ञान, समृद्धि और मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना जाता है। साथ ही इस दिन दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# जीव का प्रवाह परमात्मा की ओर

**नदी** का प्रवाह निरंतर समुद्र की ओर ही होता है ठीक इसी प्रकार से परमात्मा के अंश जीव का प्रवाह भी अपने परम पिता परमात्मा की ओर ही निरंतर होता है। नदी अपने मार्ग की कठिनाइयों को सहन करते हुए, ऊंचे-नीचे पथरीले मार्गों के कष्ट को सहती हुई, अपने मार्गों को बदलती हुई कभी भी अपना प्रवाह बंद नहीं करती समुद्र में विलीन हो जाने के पश्चात ही उसको विश्राम मिलता है। ठीक उसी प्रकार से जीव चाहे जितना भी माया के जगत में भटक ले उसकी आनंद की खोज कभी बंद नहीं होती। भौतिक जगत में उसका भटकाव आनंद की खोज हेतु ही है। वह किसी भी प्रकार से आनंद प्राप्त करके विश्राम पाना चाहता है।

**अज्ञान के कारण**

अज्ञान के कारण जीवन आनंद की खोज भौतिक जगत में कर रहा है। उसने कभी माना ही नहीं कि सुख तो आनंद कंद भगवान में ही है। आनंद माया के जगत में नहीं है। यदि वह यह बात हृदय से स्वीकार कर ले कि आनंद केवल भगवान के दिव्य जगत में ही है तो श्रद्धापूर्वक अपनी साधना में जुट जाये और दिव्य चिन्मय आनंद को प्राप्त करके विश्रामावस्था को पास के जीव का नित्य प्रवाह तो आनंद की ओर ही है लेकिन उचित मार्ग प्राप्त न होने के कारण अभी तक आनंद की प्राप्ति नहीं हुई। मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी त्रुटि यही है। जिसके परिणामस्वरूप वह भिन्न-भिन्न प्रकार के कष्टों को भोग रहा है। संसार में आकर वह माया संबंधी कार्यों को करता है। सांसारिक विषयों को भोगता है। रोगी, भोगी का जीवन बिताकर संसार से विदा हो जाता है। अपने कर्मों का भोग करने के लिये पुनः इस जगत में जन्म लेता है। आवागमन के चक्कर से मुक्त नहीं हो पा रहा। माया के जगत में आनंद खोजने के कारण ही बंधन का कारण बना हुआ है। सांसारिक जड़ वस्तुओं ने मनुष्य को पकड़ा हुआ है, यह पकड़ इतनी गहरी हो चुकी है कि सुगमता से छूटती ही नहीं। केवल जड़ वस्तुओं की ही पकड़ नहीं चेतन शरीर वाले शारीरिक संबंधी भी उसको भ्रमित कर रहे हैं। संबंधियों को ही वह अपना सगा संबंधी मानने के कारण ही भगवान के सामने पीठ करके बैठा है।



हर जन्म में मनुष्य ने भौतिक पदार्थों, अपने संबंधियों में ही सुख का चिंतन किया है। इसलिए उनके मोह में फंस गया है। मोह में आबद्ध मनुष्य उसके पाने की इच्छा भी होती है। जब इच्छापूर्ति होती है तो लोभ बढ़ता है। यदि इच्छापूर्ति नहीं होती तो क्रोध आता है। क्रोध में बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है और मनुष्य विनाश को प्राप्त करता है।

**क्रोधात भवति संमोहः**
**संमोहास्मृतिविभ्रमः।**
**स्मृति भ्रंशाद् बुद्धिनाशो**
**बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।**
**गीता- 2-63**

अनादि काल से सभी वेद शास्त्र एक ही स्वर में यही कह रहे हैं कि संसार में सुख नहीं है। मनुष्यों तुम सच्चे सुख की खोज करो। अपने भीतर बैठी आत्मा को परमात्मा में मिलाओ तभी तुम्हारा कल्याण हो सकता है। मनुष्य का सबसे बड़ा स्वार्थ तो परमात्मा की प्राप्ति ही होना चाहिए। लेकिन वह स्व को आत्मा नहीं शरीर समझ बैठा है। इसलिए शरीर से स्वार्थ सिद्ध करने में लगा हुआ है। शरीर का स्वार्थ तो संसार के विषयों से ही सिद्ध होता है, अतः मनुष्य विषय वासना में ही उलझ कर रह गया है। इससे बड़ी भूल और क्या हो सकती है?

पूर्णता के लिए

जीवन की पूर्णता के लिये भगवान तथा संसार दोनों ही आवश्यक हैं। मनुष्य जीवन में दोनों का समन्वय करना सीख जाना ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। जीवन में जितनी आवश्यक आंख है उतना ही आवश्यक प्रकाश भी है। प्रकाश होने पर ही आंख भी देख पाने में सक्षम होगी। अंधेरे में तो स्वस्थ आंखों को भी कुछ नहीं दिखाई देता है। उसी प्रकार भौतिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये संसार का होना भी अनिवार्य है। ताकि मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं पूर्ण होती रहें। शरीर से मनुष्य स्वस्थ रह सके और साधना के मार्ग पर विकास करके असीम आनंद पा सके। अतः संसार निंदनीय नहीं है। सोचिए यदि संसार न होता, वायु, जल इत्यादि न होते तो मनुष्य का जीवन कैसे संभव होता? भगवान के किसी भी कार्य में कभी कोई भूल चूक नहीं होती। मनुष्य ही अल्प बुद्धि है जो इस दिव्य गणित को नहीं समझ पा रहा।

भौतिक सदी मानते हैं कि संसार में आये हो तो खाओ, पिओ और मोज करो। ऋणं कृत्वा घृतं विवेत। भगवान की कल्पना विकृत मस्तिष्क की उपज है। वैज्ञानिक भी अभी तक आत्मा और भगवान को नहीं समझ पाये। भगवान कोई भौतिक तत्व तो है नहीं जिसे प्रयोगशाला में जांचा जाये, बोतल में बंद करके निरीक्षण किया जाये। परमात्मा एक अनुभव में आने वाली चेतना सत्ता है जो मनुष्य की बुद्धि से परे है। अतः मनुष्य आंख मूंद कर स्वीकार कर ले कि शास्त्रों और महापुरुषों की बात सत्य है मुझे उनके बताये हुए मार्ग पर ही चलना है। तभी अंशी का प्रवाह अंश की ओर हो सकता है। लोग इस भ्रम में भी रहते हैं कि आनंद भौतिक जगत में ही है। अभी आनंद नहीं मिला तो क्या हुआ भविष्य में प्राप्त होगा। जीवन में सात्विक गुणों तथा दिव्य गुणों को धारण किये बिना अंश अपने अंशी से नहीं मिल सकता। जब तक मिल नहीं जाता तब तक विश्राम भी प्राप्त नहीं हो सकता।

# कब है रामनवमी? जानें डेट, पूजन का मुहूर्त और विधि

**राम** नवमी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है, जो चैत्र नवरात्रि का नौवां दिन भी होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेता युग में इसी शुभ दिन पर भगवान राम ने माता कौशल्या के गर्भ से अवतार लिया था।

इस अवसर पर, पूरे देश में भगवान राम को समर्पित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, इस वर्ष राम नवमी की सटीक तिथि को लेकर भक्तों के बीच काफी भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जहां कई लोगों का मानना है कि यह 26 मार्च को मनाई जाएगी, वहीं कुछ अन्य लोगों का तर्क है कि इस त्योहार के लिए 27 मार्च सही दिन है।आइए यहां जानते हैं सही तिथि, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।



शास्त्रों के अनुसार भगवान राम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर में हुआ था। 26 मार्च को नवमी तिथि प्रातः 11 बजकर 48 मिनट से शुरू हो रही है। इसीलिए राम नवमी का पर्व 26 मार्च को मनाया जाएगा।

हिंदू धर्म में ज्यादातर व्रत और त्योहार उदयातिथि के अनुसार मनाए जाते हैं। 27 मार्च को सूर्योदय के समय नवमी तिथि मौजूद रहेगी। ऐसे में इस दिन राम नवमी पूजन का मुहूर्त सुबह 11:13 से दोपहर 01:41 बजे तक रहेगा।

राम नवमी की सुबह जल्दी उठें, स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

इसके बाद, तांबे के एक पात्र में जल, चावल और सिंदूर भरकर सूर्य देव को *अर्घ्य* (जल का अर्पण) दें।

अपने घर के पूजा स्थल पर एक छोटी लकड़ी की चौकी रखें और उस पर एक पीला वस्त्र बिछा दें।

इस चौकी पर भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां या चित्र स्थापित करें।

तत्पश्चात, देवी-देवताओं को पवित्र गंगाजल से स्नान कराएं और उन्हें चंदन का लेप, पीले फूल, वस्त्र तथा आभूषणों से सुसज्जित करें।

भोग में खीर, केसर मिश्रित मीठे चावल, पंजीरी और विभिन्न प्रकार की अन्य मिठाइयां अर्पित करें। प्रसाद में तुलसी का एक पत्ता अवश्य शामिल करें।

पूजा करते समय राम नाम का जाप करें।

यदि संभव हो, तो इस दिन रामचरितमानस, रामाय अथवा राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें।

दीपक, धूप और कपूर का उपयोग करते हुए देवी-देवताओं की आरती करें।



**मेष राशिः-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन राहत भरा रहेगा और वे नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। फोन का इस्तेमाल कम करें, वरना समय बर्बाद होगा। पैसों के मामलों में जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदेह साबित हो सकता है, इसलिए उधार देने से पहले सोचें।



**वृष राशिः-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा और आपके सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और लोगों से जुड़ाव मजबूत होगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में साझेदारी लाभदायक साबित हो सकती है।



**मिथुन राशिः-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम अच्छे परिणाम देगा। लव लाइफ बेहतर रहेगी और पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। काम के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें।



**कर्क राशिः-** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और जीवनसाथी के साथ लंबी बातचीत रिश्तों को मजबूत करेगी। दोस्तों के साथ घर पर मनोरंजन का प्लान बन सकता है।



**सिंह राशिः-** आज दिन की शुरूआत सकारात्मक रहेगी। बिजनेस ट्रिप पर जाने से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आपके लिए लाभकारी रहेगा। जीवनसाथी को करियर में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कोरियर या लॉजिस्टिक्स से जुड़े कारोबारियों को फायदा होगा।



**कन्या राशिः-** आज आपका दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। व्यापार में बड़ा धन लाभ मिलने के संकेत हैं। शत्रु पक्ष कमजोर रहेगा। लकड़ी या निर्माण से जुड़े लोगों को बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। राइटर्स और आर्टिस्ट्स के लिए दिन शानदार रहेगा, उनकी प्रतिभा को सराहना मिलेगी।



**तुला राशिः-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। माता-पिता की नाराजगी दूर होगी और घर का माहौल अच्छा रहेगा। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल है। महिलाओं के लिए भी दिन विशेष रूप से अच्छा रहेगा। बिजनेस में जरूरी मीटिंग सफल हो सकती है।



**वृश्चिक राशिः-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पुरानी समस्याओं का समाधान मिलने से मन हल्का रहेगा। परिवार में धार्मिक आयोजन की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।



**धनु राशिः-** आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। काम पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा, लेकिन भाग्य का साथ कम मिल सकता है। ऑफिस में किसी मुद्दे पर चर्चा करनी पड़ सकती है। विरोधी आपकी योजनाओं से प्रभावित हो सकते हैं।



**मकर राशिः-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में नए अवसर मिलेंगे और उधार दिया पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से लाभ मिलने की संभावना है। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ राशिः-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा लेकिन मन में थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। परिवार के साथ समय बिताने और दोस्तों के साथ पार्टी में शामिल होने का मौका मिलेगा। नई स्किल सीखने का विचार भविष्य में फायदेमंद साबित होगा।



**मीन राशिः-** आज आपका दिन नई ऊर्जा के साथ शुरू होगा। आपके विचार आपको समाज में अलग पहचान दिला सकते हैं। घर में सजावट या बदलाव का काम हो सकता है। कांट्रेक्टर और बिजनेस से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

# इन चीजों के बिना अधूरी है चैत्र नवरात्रि की पूजा

19 मार्च 2026, गुरुवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होने जा रही हैं। यह हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे नई शुरूआत व खुशियों का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि, नवरात्रि के इन पवित्र दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी लोक पर आती हैं। साथ ही अपने सभी भक्तों पर कृपा बरसाते हुए उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इस दौरान घरों से लेकर मंदिरों व पूजा-पंड़ालों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती हैं। वहीं इन दिनों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, कलश स्थापना करते हैं और मां की भक्ति में लीन रहते हैं। इसके प्रभाव से साधक के जीवन से कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। हालांकि, देवी की आराधना हमेशा संपूर्ण सामग्रियों से करनी चाहिए। इससे पूजा का पूरा फल मिल सकता है। साथ ही इससे माता भी प्रसन्न होती हैं। ऐसे में आइए चैत्र नवरात्रि की संपूर्ण पूजन सामग्रियों को जानते हैं।



पूजा के लिए सबसे पहले बताशे, कपूर, पीतल का दीया, मिट्टी, मिट्टी का पात्र और उसका ढक्कन खरीद लें।

इसके बाद आप एक कलावा, रुई की बत्ती, सिंदूर, धूप बत्ती, पूजा के लिए थोड़े साफ और साबुत चावल, रबर बैंड, नथ, गजरा, मांग टीका भी शामिल करें।

इस दौरान देवी के लिए कान की बाली, कंघी, शीशा और लाल रंग की नई साफ चुनरी भी लें।

अब आप जटा नारियल, जल, गंगाजल, चुनरी, दीपक, मौली, सुपारी, दूर्वा भी पूजा सामग्री में शामिल करें।

इसके बाद साफ लौटा, सूखा नारियल, फूल माला, पान, माता के लिए वस्त्र, रुई बत्ती, तिल का तेल या घी भी रखें।

इस दौरान दीया, मिठाई, , शीशा, बिछिया, इत्र, चोटी, लाल चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, महावर, गले के लिए माला, पायल और मेंहदी भी रखें।

भोग के लिए कुछ फल, मिठाई भी रखें। साथ ही कुछ दान के लिए भी अपनी क्षमता के अनुसार चीजें शामिल करें।



**नौ दिन और नौ देवियां**

**19 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 1- अमावस्या, प्रतिपदा मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना**

**20 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 2- मां ब्रह्मचारिणी पूजा**

**21 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 3- मां चंद्रघंटा पूजा**

**22 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 4- मां कुष्मांडा पूजा**

**23 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 5- मां स्कंदमाता पूजा**

**24 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 6- मां कात्यायनी पूजा**

**25 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 7- मां कालरात्रि पूजा**

**26 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 8- मां महागौरी पूजा ( इस दिन अष्टमी मनाई जाएगी और कन्या पूजन कर सकते हैं। )**

**27 मार्च 2026- नवरात्रि दिन 9- मां सिद्धिदात्री पूजा ( नवरात्रि का समापन और नवमी कन्या पूजन किया जाएगा )।**

# हॉर्मूज जलडमरूमध्य क्षेत्र में गश्त की योजनाओं से पीछे हटने पर ट्रंप सहयोगी देशों से नाराज

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह'की कमी है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पाँचवें हिस्से की जहाजों से जरिये आपूर्ति की जाती है। ट्रंप ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ़्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रंप ने कहा, 'यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी।'

गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है।

ट्रंप ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और 'बहुत हैरान हूँ। मैं ब्रिटेन के रवैये से खुश नहीं था। मुझे लगता है कि शायद वे इसमें शामिल होंगे, लेकिन उन्हें पूरे उत्साह के साथ शामिल होना चाहिए।'

आर.एन.आई.नं.
DEL/HIN/2004/13528
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
1001/1002 दसवां तल नौरंग हाऊस, 21 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-1 से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।

# महाराष्ट्र विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक ऐतिहासिक बहुमत से पास

## उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने किया समर्थन, जबरन धर्म परिवर्तन पर अब होगी कठोर सजा

**मुंबई, (वेब वार्ता)।**



महाराष्ट्र विधानसभा ने सोमवार को 'महाराष्ट्र धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2026' को पारित कर एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा पेश किए गए इस विधेयक को सत्ताधारी महायुति के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन (टश्अ) में शामिल शिवसेना (वइळ) का भी साथ मिला। मुख्यमंत्री ने सदन को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह कानून किसी विशेष मजहब के खिलाफ नहीं है, बल्कि इसका एकमात्र उद्देश्य धोखाधड़ी, लालच, दबाव या गलत जानकारी देकर किए जाने वाले अवैध धर्मांतरण को रोकना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 12 अन्य राज्यों में पहले से ही ऐसे कानून प्रभावी ढंग से लागू हैं।

इस विधेयक पर चर्चा के दौरान राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हलचल मच गई जब उद्धव ठाकरे की पार्टी ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया। उद्धव ठाकरे ने सदन के बाहर कहा कि यदि कोई मजबूरी का फायदा उठाकर या झूठा लालच देकर धर्म परिवर्तन कराता है, तो वे उसके खिलाफ हैं। हालांकि, कांग्रेस, एनसीपी (रढ) और समाजवादी पार्टी ने इस विधेयक को 'असंवैधानिक' बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि यह कानून धर्म की आजादी देने के बजाय उसे नियंत्रित करने का प्रयास है और इसे जांच के लिए संयुक्त प्रवर समिति को भेजने की मांग की।

प्रस्तावित कानून के तहत अब जबरन धर्मांतरण कराने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ इसमें मदद करने वाले संगठनों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए नियमों के अनुसार, पुलिस को यह अधिकार दिया गया है कि वे कथित अवैध धर्मांतरण के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई कर सकेंगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (इठर) में ऐसे मामलों के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं थे, जिससे अक्सर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती थी। अब यह विधेयक विधान परिषद में पेश किया जाएगा, जहाँ से पारित होने के बाद यह पूरे राज्य में कानून का रूप ले लेगा।

# गारो परिषद के पूर्व सदस्य रहमान सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ़्तार

**तुरा, (वेब वार्ता)।** मेघालय पुलिस ने सोमवार को गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) के पूर्व सदस्य सोफि योर रहमान को ज़िले में हाल ही में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ़्तार कर लिया। इस हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। तुरा पुलिस स्टेशन की एक विशेष टीम ने रहमान को आज तड़के पश्चिम गारो हिल्स ज़िले के राजाबाला पुलिस स्टेशन के तहत न्यू भैतबारी स्थित उनके घर से गिरफ़्तार किया। खबरों के मुताबिक, रहमान और पूर्व विधायक एस. जी. एस्मातुर मोमिनिन के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन पर भड़काऊ बयान देने और कथित तौर पर ऐसे काम करने का आरोप है, जिनसे इस इलाके में सांप्रदायिक अशांति फैली।

# तेल संकट से श्रीलंका की हालत खराब देश में लागू किया चार दिन काम का नियम

**श्रीलंका, (वेब वार्ता)।**




श्रीलंका सरकार ने सोमवार, 16 मार्च को देश में चार दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की घोषणा की है। यह कदम मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण उत्पन्न गंभीर ऊर्जा संकट और ईंधन की कमी को देखते हुए उठाया गया है। इसके तहत अब हर बुधवार को सरकारी दफ्तर, स्कूल और विश्वविद्यालय बंद रहेंगे। इस निर्णय का उद्देश्य ईंधन की खपत को कम करना और सीमित संसाधनों का लंबे समय तक उपयोग सुनिश्चित करना है।

कोलंबो में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जरूरी सेवाओं के कमिश्नर जनरल ने बताया कि यह कदम इसलिए जरूरी हो गया है ताकि देश में ईंधन की बचत की जा सके और आर्थिक संकट के प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद जरूरी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, बंदरगाह, जल आपूर्ति और सीमा शुल्क विभागों में काम पहले की तरह जारी रहेगा।

### प्राइवेट सेक्टर से भी अपील

सरकार ने प्राइवेट सेक्टर से भी अपील की है कि वे अपने कर्मचारियों के लिए वर्किंग डेज कम करने पर विचार करें। कमिश्नर जनरल ने कहा कि अगर निजी कंपनियां भी इस पहल में शामिल होती हैं, तो यह ऊर्जा संकट के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा। श्रीलंका इस समय दुनिया के कई अन्य देशों की तरह ईंधन की भारी कमी का सामना कर रहा है, और इसलिए इस तरह के कदम से ऊर्जा की बचत करना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

### दफ कोड आधारित डिजिटल राशनिंग प्रणाली शुरू

साथ ही, सरकार ने क्यूआर कोड आधारित डिजिटल राशनिंग प्रणाली भी शुरू कर दी है। इसके तहत अब उपभोक्ताओं को उनके वाहन के प्रकार के आधार पर साप्ताहिक ईंधन कोटा दिया जाएगा, जिसे क्यूआर कोड के जरिए ट्रैक किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रणाली न केवल ईंधन की कालाबाजारी रोकने में मदद करेगी, बल्कि सभी नागरिकों तक समान आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायक होगी।

**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल 4 हॉल सेमी फर्निश्ड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड सेक्टर 10 टी सी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252, 9811157562 पर संपर्क करें।

**- सूचना -**

फरीदाबाद जिला में भेदीनजर समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-
1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर- 9811477204

2- नरेंद्र बुक्सर शाप
मूँगफली चौक एन.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
मोबाइल - 9810229192

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी ओल्ड फरीदाबाद
मोबाइल- 9811159238

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
आज ही स्पेस बुक कराएं-काल करें
0120-4152063,
9811157562

नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए
**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और
**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए
**बम्पर ड्रा**
पहला इनाम

एक हीरो बाईक
दूसरा इनाम


एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम
तीसरा इनाम

बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नज़र के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नजर प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।

